# <u>Extention Activity done by NSS and NCC, etc.</u>

## Session 2022-23

## Ek Bharat Shreshtha Bharat Camp

## 24 Aug-04 Sept 2022

- **<u>EBSB CAMP</u>:**
  - **Date:** 24th August 2022 – 04 September 2022
  - **Venue:** SIET Jhalwa, Prayagraj
  - **Brief Description:**
    - Ek Bharat Shreshtha Bharat Camp (EBSB - for NCC Cadets of UP Dte with TN,Puducherry, Andaman & Nicobar Dte were conducted by NCC Gp HQ Prayagrai under the aegis of NoC Dte UP), Lucknow from 24 Aug to 04 sep. A total of bU0 cadets, SUXUr & SWX13 ANOS and detalled statt will attend the camp. To imbibe the true spirit for strenathening the unity.
    - On 24 august 2022, this camp was organized at **SIET Jhalwa prayagraj.**
    - **Cadet Niti Raj** and **UO Ekagra Chatree** were participated in this camp under cultural events.
    - As name suggested ek bharat shreshta bharat, one india best india, there is showing a unity of india. Cdt. Niti Raj won 4 gold medals and UO Ekagra Chattree won 3 medals in this camp.
    - The award was given by **Grp. Commander Brig. K.P. Krishna Kumar.**
  - Photos:





- Sports activities was also conducted like football, volleyball,etc.





Different traditional activities were also organized from TN, Puducherry, Andaman & Nicobar Dte and UP Dte.

# निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं उपचार शिविर

## 29 सितम्बर 2022

राष्ट्रीय सेवा योजना, ईसीसी एवं ग्लोबल हॉस्पिटल एंड आई रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के टुकर हॉल में, आज दिनांक 29 सितंबर 2022 को सुबह 11:30 से दोपहर 2:30 बजे तक निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं उपचार शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उदघाटन प्राचार्य डॉ अरुण मोजेज द्वारा किया गया। महाविद्यालय के 70 से अधिक शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवको ने इसमें प्रतिभाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ जस्टिन मसीह, डॉ रणधीर सिंह, डॉ शिव भानु सिंह, डॉ अशोक पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजु तिवारी, डॉ प्रदीप प्रिय, डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव, एवं डॉ प्रेम प्रकाश सिंह ने सभी आगुंतकों सहित महाविद्यालय परिवार को धन्य ज्ञापित किया।







# OTA Chennai Attachment Camp

## 03Nov- 12 Nov, 2022

- **OTA CHENNAI ATTACHMENT CAMP:**
  - **Date: 03rd November 2022 – 12th November 2022**
  - **Venue: OTA Chennai.**
  - **Brief Description: Our cadet UO Sudamini Jha have attended OTA Attachment Camp which was held at OTA Chennai in the month of October.**
  - 
  - **Photo:**
  - **UO SUDAMINI JHA**
  - 





Below she has shared her experienced about OTA camp.

'NCC', it's not just an organisation but a life which transforms you into a totally different person and that's what happened to me as well and all the other cadets who were selected for the OTA ATT Camp.

As APJ Abdul Kalam once said, 'All of us do not have equal talent, but all of us have equal opportunity to develop our talents'. With this quote he surely meant that we should never leave any opportunity to excel ourselves. One such opportunity came to me knocking on the door - 'The OTA ATT Camp' that was organised at OTA, Chennai. 'OTA Chennai' must be a dream of thousands of defence aspirants but being lucky enough very few get the chance of visiting there before succeeding in their entrance exam. But then, they say 'Great dreams of great dreamers are always transcended' and so did my dream of going to OT.

The journey began on 31st October 2022 itself, as we two cadets of Prayagraj group boarded the Bundelkhand Express and headed towards Virangana Lakshmibai. I was quite nervous and curious about how the camp would go. We Reached Virangana Lakshmibai on 1st November 2022 and were made to stay at 32 UP (G) BN NCC till we board again towards Chennai. On the same night we headed towards Chennai. We were 15 cadets of UP Directorate together now.

We reached Chennai on 3rd November 2022. When I saw the entrance gate OTA for the first time my heart skipped a beat. I couldn't get my eyes off it; I wasn't able to believe my own eyes that I finally made it till here after all those interviews that I once though I won't even clear. It was our first day at OTA and the heavy rainfall cancelled our plans for 'OTA Prashan'. We were made to stay in Hajipir Coy. We made friends from various other directorates. The ones living with us in our barrack were from Andhra Pradesh, Telangana and Uttrakhand respectively.

As we were here in the world of ragdas and drills, how could we be spared? Our schedule for the next few days (9 to be specific) can that included early morning PT/ Drill/ OT which taught us the importance of physical exercise, coordination and making balance between mind and body. After the PT/Drill we had our breakfast at 08:00 am and afterwards classes were scheduled till 1300 hrs where they taught us about the wars and army history. Be it the PIS or the officers during our theory classes, all of them aimed to build a leader in all of us. I still remember the words of Captain Mohit Gautam, as he says 'It's not necessary for a manager to be good leader but it is very much important for a leader to be a good manager.' Between all these classes about war history, anothe skill that cadets learned among themselves was being attentive while taking naps.

On the third day of the camp, i.e., 5th November 2022 we were issued bicycles to cover long distances in the campus during activitie such as Games in the evening for which we needed to cross the Adyan river.

One of the most beautiful and precious moment for all of us was the light show organised at White House - 'White House Talks'. It was a show where we got to know about the academy from the oldest building - The White House, itself. Being not strict with us the academy also organised 'Chennai Pradarshan' for all of us on Sunday, during which we visited Chennai's most famous 'Marina Beach', 'St. Mary's Church' and 'The Fort Museum'. The day ended with a beautiful sunset at the beach.

We were also taken to the firing range where we were introduced with various weapons, especially INSAS, that we were about to fire with for the very first tme. Two days were dedicated to the firing session, so that we get to know INSAS better. Two days were dedicated to the firing session, so that we get to know INSAS better.

We also went to the museum inside OTA where we learned about the men who sacrificed their lives for the nation, the history of OT. and the medals of various heroes of our nation. As many directions were leaving on 12th Nov 2022 itself, the plan/schedule of 12th Nov was preponed to 11th Nov 2022. On that day we had our photograph clicked and visited to few more places in OTA tha were new to us.

Though it was raining since morning, we walked forward and went to the equitation area to see the 37 horses serving at OTA, two of them were Sultan and Tomar. Then we headed towards the WC accommodation area where we saw the clean and disciplined are followed by the P-Hill visit. P-Hill, also called Punishment Hill by the cadets training there, gave a proper aerial view of the OTA along with the airport. We also got pictures clicked there with Captain Aparna Rai, who have made all these visits possible for us After all the visits we went back to our barracks and dried ourselves up. The training at OTA had come to an end that day. At the end of it we had made several friends among those 100 cadets who came from all over India.

And OTA has motivated us to be strong and disciplined in our lives and never give up, no matter how difficult the obstacle is.

# Punit Sagar Abhiyaan Programme 06.12.2022

❖ Punit Sagar Abhiyaan Programme

- Date: 06 December 2022
- Venue: Sangam, Prayagraj.
- Brief Description:
- On 6 december 2022, punit sagar abhiyan programme was organized at sangam prayagraj by 16 UP BN NCC .
- The programme was to provide knowledge about ganga cleanliness to all cadets participients.
- Photos:



# IMA Attachment Camp


# 19-27 Dec, 2022


## ❖ IMA ATTACHMENT CAMP:

- Date: 19th December 2022 – 27th December 2022
- Venue: IMA Attachment Camp, Dehradun, Uttrakhand
- Brief Description:

- Our cadet SUO Ekagra Chattree have attended IMA attachment camp which was held at IMA dehradun, uttarakhand.
- Photos:





SUO EKAGRA CHATTREE

# राष्ट्रीय युवा दिवस
# 12 जनवरी 2023

दिनाँक 12 जनवरी 2023 को **राष्ट्रीय युवा दिवस** के अवसर पर "स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत" विषय पर राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानन्द से जुड़ी कई घटनाओं का ज़िक्र किया। सामाजिक समरसता, वेदान्त, अद्वैत दर्शन, एवं भारत एवं विश्व के अंतस्संबंधो को लेकर स्वामी जी के विचारों पर विस्तार से चर्चा हुई। विद्यार्थियों के साथ ही साथ संस्कृत विभाग के डॉ अरुणेय मिश्र, हिन्दी विभाग के डॉ सुदीप तिरकी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ जॉन कुमार एवं डॉ प्रेम प्रकाश ने भारत निर्माण में स्वामी जी के विचारों की प्रासंगिकता को विस्तार से बताया।स्वामी जी के भाषणों विशेष रूप से शिकागो वक्तृता एवं अमेरिका में स्वामी जी के प्रवास से जुड़ी घटनाओं पर विद्यार्थियों के द्वारा चर्चा हुई । स्वामी विवेकानन्द के विचारों को पुष्ट करते हुए स्वयंसेवक अनिमेष शुक्ल द्वारा गाए गए गीत ने वहां उपस्थित सभी को भाव विभोर कर दिया। संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने विवेकानंद साहित्य के कुछ उद्धरण स्वयंसेवकों को सुनाए।






# राष्ट्रीय मतदाता दिवस
# 25 जनवरी 2023

आज दिनांक 25 जनवरी 2023 को **राष्ट्रीय मतदाता दिवस** के अवसर पर यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से द्विदिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी श्री सीपू गिरि ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ईश वन्दना के द्वारा महाविद्यालय के बर्सर एवं पूर्व उप प्राचार्य डॉ ललित इसुबियस द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए. एस. मोज़ेज ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मतदाता दिवस एवं मतदान की महत्ता पर प्रकाश डाला।



प्रयागराज समाचार | प्रतापगढ़

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लगायी प्रदर्शनी को सीडीओ ने फीता काट कर किया शुभारम्भ

**लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्वाचन की प्रकिया में बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए- सी0डी0ओ0**

अ.मे. संवाददाता

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने छात्र और युवाओं का आह्वान किया है कि वे मतदान की प्रक्रिया में अपने आसपास के लोगों को शामिल ...



पवन प्रभात हिन्दी समाचार पत्र,प्रयागराज | प्रयागराज

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लगायी प्रदर्शनी को सीडीओ ने फीता काट कर किया शुभारम्भ**

लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्वाचन की प्रकिया में बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए- सी0डी0ओ0

पवन प्रभात समाचार

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने छात्र और युवाओं का आह्वान किया है कि वे मतदान की प्रक्रिया में अपने आसपास के लोगों को शामिल होने के लिए प्रेरित करें। श्री गिरि ने आज यूईंग क्रिश्चियन कालेज गऊघाट प्रयागराज में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा ...

मुख्य अतिथि श्री सीपू गिरि (मुख्य विकास अधिकारी) ने छात्र और युवाओं का आह्वान किया है कि वे मतदान की प्रक्रिया में अपने आसपास के लोगों को शामिल होने के लिए प्रेरित करें। श्री गिरि ने आज यूईंग क्रिश्चियन कालेज गऊघाट प्रयागराज में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय जन जागरूकता प्रचार अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए निर्वाचन की प्रकिया में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शहरी इलाकों में मतदान के प्रतिशत में गिरावट चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के दिन राष्ट्रव्यापी जन जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए किया जाता है। उन्होंने इस अवसर पर लगायी गयी मतदाता जागरूकता प्रदर्शनी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी सभी के लिए बहुत उपयोगी है। समारोह के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने शिक्षक गणों, प्रशासनिक अधिकारियों, छात्र- छात्राओं समेत उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलायी।

समारोह के विशिष्ट अतिथि व वक्ता केन्द्रीय संचार ब्यूरो निवर्तमान संयुक्त निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों और गणराज्य को लोगों की जन जागरूकता के बल पर ही मजबूत किया

जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनावों में अधिकाधिक संख्या में मतदान प्रक्रिया में भागीदारी से ही लोकतांत्रिक मूल्यों और संस्थाओं को ताकत मिलती है।


समारोह के मुख्य वक्ता डॉ राम प्रकाश सिंह ने कहा कि आज भारत जिस मजबूती के साथ विश्व फलक पर खड़ा है उसके मूल में स्वतंत्रता के समय देश के राजनेताओं द्वारा अपनायी गयी नीतियाँ हैं। उनके द्वारा खड़ी की गयी नीव पर ही आज का भारत खड़ा है। इसके लिए उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमन्त्री जवाहर लाल नेहरू एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल समेत तत्कालीन राजनेताओं के द्वारा देश निर्माण में किए गए योगदान की चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज़ादी के समय के नेता रहे हों, स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल आंदोलनकारी रहे हों हम सभी के ऋणी हैं। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि हम सभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को कभी भूल ही नहीं सकते। उनके द्वारा बताए गए सत्य, अहिंसा और प्रेम के रास्ते पर चलकर ही किसी देश का निर्माण हो सकता है। गांधी जी के द्वारा बताया गया रास्ता भले ही कठिन लगे पर वही एक रास्ता है जिस पर चलकर हम विश्व का कल्याण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के नायकों ने जो धरोहर हमें सौपी है उसे अक्षुण बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी नागरिकों विशेषकर युवाओं की है। इस अवसर पर ब्यूरो के उपनिदेशक आरिफ रिजवी ने अतिथियों को स्मृति चिह्न व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेमप्रकाश सिंह ने किया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में देशभक्ति गीत प्रतियोगिता, स्लोगन संदेश प्रतियोगिता, पोस्टर पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को केन्द्रीय संचार ब्यूरो, प्रयागराज की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम के दौरान जय प्रकाश एण्ड पार्टी प्रयागराज द्वारा संदेश मूलक लोकगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ पीयूष खरे, डॉ शोनाली चतुर्वेदी, डॉ अजिन रे, डॉ. अशोक कुमार पाठक, डॉ सुदीप तिरकी, डॉ मंजू तिवारी, डॉ प्रियंका विनी लाल, डॉ अरुणेय मिश्र, डॉ जॉन कुमार, डॉ सूरज गुणवंत, केन्द्रीय संचार ब्यूरो ब्यूरो के वरिष्ठ सहायक श्री राम मूरत,ओम प्रकाश विश्वकर्मा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों से संवाद एवं प्रशिक्षण 13 मार्च 2023

राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज इकाई 8 (40)0के विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योगासन से हुई। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को योग के सैद्धांतिक पक्ष से परिचित कराया। बौद्धिक सत्र में विद्यार्थियों के मध्य शिक्षा की ज़रूरत एवं शिक्षा जगत की वर्तमान परिस्थितियों पर संवाद कार्यक्रम रखा गया। शिक्षक और विद्यार्थी दोनों की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। वहां उपस्थित स्वयंसेवकों के संवाद से जो बात निकलकर आयी वह है - " ऐसे समाज का निर्माण जिसके मूल में सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना हो।"

द्वितीय सत्र में स्वयंसेवक 5 टुकड़ियों में कीडगंज स्थित अलग अलग झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में गये। वहाँ पर बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी नजदीक से देखा व महसूस भी किया। महाविद्यालय के पुरा छात्र श्री विवेक दुबे जी द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य को देख और समझकर इस कड़ी में जुड़ने की बात भी की। राष्ट्रगान के साथ तीसरे दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।









# छात्रों और समाजकर्मियों, पत्रकारों का संवाद कार्यक्रम

## विषय : आदिवासी समुदाय एवं भारतीय संस्कृति

## 14 मार्च 2023

आज 14 मार्च 2023 को विद्यार्थियों को आदिवासी समुदाय से परिचित कराने के लिए एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिष्ठित पुरस्कार विज्ञान भूषण एवम साहित्य महोपाध्याय से सुशोभित श्री विजय चितौरी थे। मूलतः विज्ञान के अध्यापक विजय जी ग्रामीण पत्रकारिता में एक बड़ा नाम हैं जो पिछले 30 वर्षों से मासिक पत्रिका गांव की नई आवाज़ का सम्पादन कर रहे हैं। उन्होंने दो दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन एवं एक हज़ार से ज्यादा लेखों को भी विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में लिखा है। अपने लम्बे अनुभव को स्वयंसेवकों से साझा करते हुए समाज निर्माण में साहित्य, पत्रकारिता एवं विज्ञान की आवश्यकता को सरल शब्दों में समझाया। विद्यार्थियों के सवालों का भी बड़ी ही सहृदयता के साथ उत्तर दिया। विशिष्ट वक्ता के तौर पर श्री सूबेदार सिंह जी थे जिन्होंने आदिवासी समाज के बीच बिताए गए अपने 40 वर्षों के अनुभव को साझा किया। आदिवासी समाज की संस्कृति, भाषा, पारिवारिक सम्बन्ध, उत्सव, खानपान और उनके ज्ञान के बारे में जिन जानकारियों को बताया गया उससे सभी स्वयंसेवक अभिभूत थे। उन्होंने कहा कि इस तरह के संवाद कार्यक्रम निरन्तर होने चाहिए और उन्होंने श्री विजय चितौरी जी एवम श्री सूबेदार सिंह जी से अनुरोध किया वे दुबारा आकर और विस्तार से अपने अनुभवों को साझा करें। ढाई घंटे से अधिक चले इस सत्र के पश्चात भी स्वयंसेवकों के प्रश्न उठ रहे थे जो निश्चित तौर ही सवांद की जरूरत को समझाते हैं। राष्ट्रगान के साथ चौथे दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।






# फिल्म प्रदर्शन एवं परिचर्चा

15 मार्च 2023

आज दिनांक 15- 03-2023 को चार्ली चैप्लिन द्वारा अभिनीत एवं निर्देशित फिल्म Modern Times की स्क्रीनिंग की गई। मॉडर्न टाइम्स 1936 की अमेरिकी पार्ट-टॉकी व्यंग्यपूर्ण रोमांटिक ब्लैक कॉमेडी फिल्म है, जिसे चार्ली चैपलिन द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है,जिसमें उनका प्रतिष्ठित लिटिल ट्रैम्प चरित्र आधुनिक, औद्योगिक दुनिया में जीवित रहने के लिए संघर्ष करता है। यह फिल्म हताश रोजगार और वित्तीय स्थितियों पर एक टिप्पणी है जिसका सामना बहुत से लोगों ने ग्रेट डिप्रेशन के दौरान किया था फिल्म में चैपलिन, पॉलेट गोडार्ड , हेनरी बर्गमैन , टिनी सैंडफोर्ड और चेस्टर कोंक्लिन ने अभिनय किया है।. यह आखिरी बार है जब चैपलिन ने ट्रम्प के चरित्र को चित्रित किया और पहली बार फिल्म पर चैपलिन की आवाज सुनी गई।

1989 में, मॉडर्न टाइम्स संयुक्त राज्य अमेरिका की राष्ट्रीय फिल्म रजिस्ट्री में "सांस्कृतिक रूप से, ऐतिहासिक रूप से, या सौंदर्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण" होने के लिए संरक्षण के लिए लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस द्वारा चुनी गई पहली 25 फिल्मों में से एक थी ।

फिल्म को स्वयंसेवकों ने खूब सराहा और अगले दिन फिल्म की समीक्षा लिखकर उस पर बातचीत करने का विचार हुआ। राष्ट्रगान के साथ पांचवें दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।



# सामाजिक समरसता और विश्व बंधुत्व रैली
# 16 मार्च 2023

दिनांक 16- 03-2023 को सामाजिक समरसता और विश्वबन्धुत्व के विचार को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज की सभी इकाईयों ने मिलकर एक रैली कीडगंज से होते हुए यमुना तट तक निकाली। जहां पर महाविद्यालय के पुरा छात्र एवं समाजकर्मी श्री विवेक दूबे के ओजस्वी विचारों से स्वयंसेवक अत्यन्त प्रभावित हुए। रैली में कार्यक्रम अधिकारी डॉ सूरज गुणवन्त, डॉ जॉन कुमार, डॉ अरुणेय मिश्र, डॉ प्रेम प्रकाश एवं स्वप्निल श्रीवास्तव शामिल थे।









# सत्र : 2021-22

## स्वतंत्रता सेनानियों को नमन : एक परिचर्चा

## 23 जुलाई, 2021

23 जुलाई 2021को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 08 के तत्त्वावधान में अमर शहीद चंद्रशेखर आज़ाद जी के जयंती के अवसर पर ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. पियूष खरे जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रमाधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने 27 फरवरी 1931 को चन्द्रशेखर आज़ाद की शहादत पर लिखी गयी कविता

' मादरे हिन्द हो आज़ाद, तुम आज़ाद बनो,
हक तुम्हारा है कि आज़ाद हो आज़ाद बनो।'

से की । इसके बाद स्वयंसेवकों से मुख्य वक्ता का परिचय व स्वागत किया गया। ऑनलाइन व्याख्यान में स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने विचार भी साझा किए इस कड़ी में सबसे पहले स्वयंसेवक अभिनव ने चंद्रशेखर आज़ाद जी के विचारों से की, उसके बाद अनिमेष शुक्ल और हर्ष पांडे ने आज़ाद जी के जीवन से जुड़ी कई घटनाओं की चर्चा भी की इसके साथ ही अन्य स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार रखे । मुख्य वक्ता डॉ पियूष खरे जी ने भी स्वयंसेवकों को आज़ाद जी से जुड़ी कई किस्से सुनाते हुए कहा कि हमें महापुरुषों की जयन्ती मनाते हुए यह विचार अपने मन में लाना चाहिए कि हम उनके विचारों को आज के संदर्भ में अपनाते हुए समाज में समरसता व भाईचारे को फैला सकें। हमें ऐसे काम करने चाहिए जिससे वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का सूत्रपात हो। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों के चंद्रशेखर आज़ाद जी से जुड़े कई प्रश्नों के जवाब देते हुए कहा कि अपने लम्बे क्रांतिकारी सफर में आज़ाद ने अपनी दृष्टि, कार्य कुशलता और परिश्रम से अनेक नौजवानों को पार्टी से जोड़ा जिसमें बौद्धिक क्रांतिकारी भगत सिंह के साथ ही साथ पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक उल्ला ख़ाँ, ठाकुर रोशन सिंह और राजेन्द्र लाहिड़ी प्रमुख थे। स्वाधीनता का यह पुजारी अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान और उसके पालन करने तथा कराने में वज्र के समान कठोर था। उनका तो कहना था कि जिस राष्ट्र ने चरित्र खोया उसने सबकुछ खोया। जिस दिन क्रांतिकारी दल में उन्होंने यह कमजोरी देखी उन्होंने उसे भंग कर दिया। वे जीवन के अंतिम समय तक शत्रु से लड़ते रहे तथा देश की स्वतंत्रता के महायज्ञ में अपने प्राण निछावर कर दिये।अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# वृक्षारोपण कार्यक्रम

# 07 सितंबर, 2021

7सितंबर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना ,यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज ने राष्ट्रीय पोषण माह का पहला सप्ताह मनाया। मीडिया सेंटर के समीप परिसर में हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम में इकाई 1, 4, 5, 7एवं 8 के कार्यक्रम अधिकारी एवं 30 से अधिक स्वयंसेवक उपस्थित थे। वृक्षारोपण अभियान के तहत औषधीय और खाद्य मूल्य के विभिन्न पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को वृक्षारोपण के लाभों और लगाए जा रहे पेड़ों पर बात की। उन्होंने कहा कि सिर्फ वृक्षों को लगाना ही महत्वपूर्ण नहीं है अपितु उनके संरक्षण एवं संवर्द्धन का निरंतर प्रयास करना राष्ट्रीय सेवा योजना के साथ ही साथ सभी व्यक्तियों का कर्तव्य भी है। तभी हम जीवन को खुशहाल कर सकते हैं। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डॉ .प्रदीप प्रिया ने स्वयंसेवकों को कॉलेज परिसर में उनके द्वारा लगाए गये पौधों को बचाने व देखभाल करने की जिम्मेदारी दी और कहा कि वे स्वयं प्रतिमाह आकर इन पौधों का निरीक्षण करेंगे और इस कार्य में लगे स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन के लिए सदा उनके साथ मौजूद रहेंगे। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणित विभाग के सहायक आचार्य व पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार शुक्ला थे ,जिन्होंने स्वयंसेवकों से कहा कि पौधों के बिना हम सभी के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं कि जा सकती है। वृक्षारोपण उनके पसंदीदा कार्यक्रमों में से एक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ अरुणेय मिश्र व गणित विभाग के सहायक आचार्य श्री राम जी पाण्डेय थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम प्रकाश एव श्री जीजो सी जॉर्ज ने कार्यक्रम को आयोजित करने में महती भूमिका निभायी। वृक्षों के संरक्षण के लिए ट्री गार्ड भी लगाये गये और स्वयंसेवकों के साथ कार्यक्रम अधिकारियों ने भी नारा लगाया कि " पेड़ हम लगाएँगे ,पेड़ हम बचाएँगे। "इस कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य रूप से लगे हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ जॉन कुमार जी ने कार्यक्रम के अन्त में वहाँ उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया। जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



**International Webinar on "Enable, Empower, Educate: Women's Emancipation through Education"**

**September 8, 2021**

International Webinar on "Enable, Empower, Educate: Women's Emancipation through Education"was organised by the Women Cell on 8th Sept 2021. It was attended by faculty members and girl students of the college. More than 160 students participated in the webinar. The resource persons were Dr. Farah Naqvi from Gulf Centre for University Education Kuwait and Dr. Roshni Sengupta from Jagiellonian University Poland. Dr. Farah Naqvi in her discourse focused on "Career Planning and Advancement Strategies for Young and Aspiring Career Women". Dr. Roshni Sengupta dealt with the historical trajectories of women empowerment in india. Ms. Aswathy Prince, Treasurer of the Women Cell gave the vote of thanks.

**Essay Writing Competition**

**(Topic - Girls Education and COVID – 19 : Issues and Challenges)**

**September 8, 2021**

an online Essay Writing Competition on 'Girl's Education and Covid 19: Issues and Challenges' was jointly organised by the Women Cell and the Department of English on 8th September, 2021. More than 75 entries were received from students of different courses. The first winner was Alina Idris from B.A. The second winner was Saniya Parveen from B. Sc. and the third position was bagged by Shalini Singh from B.A. The winners received certificates for their achievement.


"गांधी एक अन्तरराष्ट्रीय सम्भावना "विषय पर परिचर्चा
2 अक्टूबर, 2021

यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना और तरुण शान्ति सेना के तत्वावधान में" गांधी एक अन्तरराष्ट्रीय सम्भावना "विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का आरम्भ कार्यक्रमाधिकारी डॉ .स्वप्निल श्रीवास्तव ने विषय प्रवर्तन से किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रमाधिकारी डॉ .प्रचेतस् ने किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉ . सौरभ बाजपेयी तथा अध्यक्ष यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डॉ . रामप्रकाश सिंह थे। मुख्य वक्ता डॉ .सौरभ बाजपेयी ने बताया कि जिस प्रकार घने काले अन्धकार में सूर्य का प्रकाश प्रासंगिक है उसी प्रकार गांधी के विचार प्रासंगिक हैं। उन्होंने आरमीनिया के राष्ट्रकवि चेरल्स ,क्यूबा के क्रान्तिकारी चे ग्वेरा ,मार्टिनलूथर किंग और खान अब्दुल गफ्फार खां आदि से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुये गांधी जी की अन्तरराष्ट्रीय स्वीकार्यता की चर्चा की। उन्होंने विस्तारपूर्वक स्वयंसेवकों को समझाया कि अहिंसा कायरों का अस्त्र नहीं है और स्थितप्रज्ञ गांधी जी ने साहस के साथ मृत्यु का वरण किया था। व्याख्यान के बाद मुख्य वक्ता नें स्वयंसेवकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ .राम प्रकाश सिंह ने गांधी और हिटलर की मुलाकात का उल्लेख करते हुये गांधी जी की निर्भीकता की बात कही। उन्होंने बताया कि परम्परा के शाश्वत और उदात्त मूल्यों को जीना ही गांधी के विचारों को जीना है। डॉ .सिंह ने स्वयंसेवकों को सोशल मीडिया से दूर रहकर पुस्तकों के माध्यम से गांधी जी के विचारों को समझने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ .स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ .प्रेम प्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ .उमेश प्रताप सिंह ,डॉ.जॉन कुमार ,डॉ .जीजो सी जॉर्ज ,डॉ .अशोक पाण्डेय ,डॉ .जस्टिन सहाय , डॉ .डॉ.अमिताभ शाद ,डॉ .अंजनी कुमार मिश्र सहित सैकडों स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का औपचारिक समापन डॉ .स्वप्निल श्रीवास्तव ने रामधारी सिंह दिनकर की कविता के पाठ से किया।

वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन

18नवम्बर2021

दिनाँक 18 नवम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना ,यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज के तत्वावधान में वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में ग्लोबल ग्रीन रेजोनेंस फॉउन्डेशन के सचिव श्री अजय राजपूत थे। अजय जी ने बड़े ही आसान भाषा में स्वयंसेवकों से प्लास्टिक के री–साइकल में द्वारा बनाये गये उत्पादों एवं उनके प्रयोगों को बताया। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक की खोज मानव जाति के द्वारा एक ऐसी खोज है जो पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। हमें उसके इस्तेमाल के सही तरीकों को समझना होगा और अपने दैनिक जीवन में अपनाना होगा। स्वयंसेवकों ने विस्तार से इस संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गोष्ठी में अनेकों स्वयंसेवक सहित कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रियंका विनी लाल , डॉ प्रचेतस ,डॉ जॉन कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ मंजू तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया।



# "पुलिस की कार्यशाला"

## 29नवम्बर2021

दिनाँक 29 नवम्बर 2021 को यातायात माह के अंतर्गत यूइंग क्रिश्चियन कॉलेज ,सारथी फॉउन्डेशन एवं सिविल डिफेन्स के संयुक्त तत्वावधान में" पुलिस की कार्यशाला "का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक श्री प्रेम प्रकाश जी थे। महाविद्यालय प्राँगण में मुख्य अतिथि के आगमन पर डॉ अमिताभ शाद के नेतृत्व कैडेट्स ने अपर पुलिस महानिदेशक जी का गॉर्ड ऑफ ऑनर से स्वागत किया। इसके पश्चात सभी गणमान्य अतिथि ऐतिहासिक" टूकर हॉल "में गये जहाँ पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन था। महाविद्यालय के बर्सर डॉ एल .सी .टी . इसुबियस जी के द्वारा ईश वन्दना से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। प्राचार्य डॉ ए .एस .मोज़ेज द्वारा ए .डी .जी .श्री प्रेम प्रकाश जी का पौधे से स्वागत किया। अपने मुख्य वक्तव्य में ए . डी .जी .श्री प्रेम प्रकाश ने यातायात नियमों ,साइबर क्राइम ,वीमेन हेल्पलाइन ,सेल्फ डिफेन्स आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हम सब जीवन में बेहतर करने के लिए बदलाव करना चाहते हैं परंतु हमें लगता है कि यह बदलाव दूसरों को करना चाहिए। उन्होंने गाँधी जी के कथन का स्मरण करते हुए कहा कि " जिस बदलाव की हम दूसरों से उम्मीद रखते हैं उसकी शुरुआत स्वयं से होनी चाहिए। मानवता सभी कानूनों व नियमों के केन्द्र में व इन सबसे सर्वोपरि भी है। "विद्यार्थियों ,सिविल डिफेन्स के के कैडेट्स से संवाद के दौरान अनेकों प्रश्नोत्तर हुए। पुरस्कृत विद्यार्थियों व कैडेट्स को प्रमाणपत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। एस .पी .ट्रैफिक आदि अनेकों पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद किया। इसी कड़ी में श्री अनिल तिवारी व श्री रौनक गुप्ता ने सिविल डिफेन्स के बारे में विद्यार्थियों को रूबरू किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए .एस .मोज़ेज व उप प्राचार्य डॉ ई .जे .डेविड ने शॉल व स्मृति चिन्ह द्वारा ए .डी .जी .का अभिनन्दन किया। सारथी फॉउन्डेशन की ओर से महाविद्यालय के प्राचार्य ,ए .डी .जी .आदि उपस्थित गणमान्य अतिथियों का अभिनन्दन स्मृति चिह्न द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ शीतला प्रसाद ,डॉ ए .के .पाठक ,डॉ मंजू तिवारी ,डॉ पी .के .प्रिया ,डॉ प्रचेतस ,डॉ प्रेम प्रकाश ,डॉ जीजो जॉर्ज सहित 300 से अधिक संख्या में विद्यार्थी व स्वयंसेवक मौजूद थे।।धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रियंका विनी लाल एवं स्वप्रिल श्रीवास्तव ने किया।









# Vijay Shrankhala and Sanskrityon ka Maha Sangam

# 07.12.2021

## 3. 'VIJAY SHRANKHALA' AND 'SANSKRITIYON KA MAHA SANGAM'

To facilitate the family of martyrs of 1971 with Gallantry Award an event was organized by group HQ at Shri mahaprabhu public school shivkooti ,prayagraj on 07 December 2021 at 14:00 hour in which 9 cadets from our units went to attend the event.


U.o riya
chaturvedi
Cadet anupriyaagrahari
Cadet gyaneshwar
Cadet pranav mishra
Cadet sudamini jha
Cadet nidhi kumari
Cadet anand singh
Cadet vimal kumar singh
U.o ekagra chattree



ECC CADETS REPRESENTING 16 UP BN NCC

स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत "विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन
**12 जनवरी, 2022**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 तथा 08 के तत्त्वावधान में" स्वामी विवेकानंद के सपनों का भारत "विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ .स्वप्रिल श्रीवास्तव ने स्वामी जी के लिखे गए पत्र का वाचन करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ .प्रचेतस ने रामकृष्ण मिशन के द्वारा जन जागरण के लिए किए गए कार्यों से स्वयं सेवकों को परिचित कराया। स्वयंसेवक अनिमेश शुक्ल ने कबीर के उन दोहों को गाया जिन्हें स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस के बीच गाया था। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व छात्र एक पहल शिक्षा समिति के संचालक विवेक दुबे ने स्वयसेवकों के बीच अपने अनुभवों को साझा किया । बस्ती के बाल शिक्षकों ने भी अपनी बात रखी। महाविद्यालय के छात्र आशुतोष त्रिपाठी , नंदन तिवारी ,अंजिता कृष्ण ,राज लक्ष्मी तिवारी ,ऋतिक श्रीवास्तव ,युवराज सिंह ने इस संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। डॉ स्वप्रिल श्रीवास्तव ने विवेकानंद साहित्य के कुछ उद्धरण स्वयंसेवकों को सुनाए। स्वामी जी के सर्वधर्म समभाव के विचार पर प्रतिभागियों ने विस्तृत चर्चा की। स्वामी जी के सपनों के भारत की आत्मा वेदांत और शरीर इस्लाम है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रचेतस ने किया।



## "सुभाष चन्द्र बोस के सपनों का भारत" विषय पर संवाद


## 23 जनवरी, 2022

राष्ट्रीय सेवा योजना, यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय के द्वारा "सुभाष चन्द्र बोस के सपनों का भारत" विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के क्रान्तिकारी विचारों के साथ ही साथ भारत की आज़ादी की लड़ाई में शामिल साथियों के साथ उनके आपसी सम्बन्धों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेमप्रकाश ने सुभाष चन्द्र बोस द्वारा विद्यार्थी जीवन में किये गये कार्यों, आज़ादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व निछावर करने की प्रेरणा को विद्यार्थियों से साझा किया। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा उनका यह वाक्य अपना सर्वस्व न्योछावर करने की ही बात है। उन्होंने कहा कि अपना सर्वस्व न्योछावर करने की बात कोई आध्यात्मिक व्यक्ति ही कर सकता है और इसकी प्रेरणा उन्हें स्वामी विवेकानंद जी से मिली थी। संगोष्ठी में यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के पारिवारिक जीवन से लेकर, गाँधी जी की प्रेरणा से आज़ादी की लड़ाई में कूदना और फिर आज़ाद हिंद फौज के गठन के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। स्वयंसेवक अनिमेष शुक्ल, आकांक्षा तिवारी, ऋतिक श्रीवास्तव, ज़ैनब फ़ातिमा,नीरज शुक्ला, युवराज, जुनैद सहित अनेक विद्यार्थियों ने संवाद में अपनी बात पुरजोर ढंग से की। डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने सुभाष चन्द्र बोस व गाँधी जी के बीच हुए लिखित संवादों में से कुछ उद्धरण स्वयंसेवकों को सुनाए। मतभेद के बावजूद वे दोनों एक दूसरे का कितना सम्मान करते थे और उनमें कितना प्रेम था वह समझना आवश्यक है। इसको आज़ाद हिन्द फ़ौज के ब्रिगेड के नामों से भी समझा जा सकता है। इस बात का भी जिक्र हुआ कि सुभाष चन्द्र बोस ने आज़ाद हिंद फौज के साथियों से कहा था कि "भारत से बाहर रहते हुए जहाँ हमने अपने देश की आज़ादी के लिए हथियारों से युद्ध किया है वहीं अब हम भारत की सेवा अहिंसा के जरिए करेंगे"।यह बात आज़ाद हिन्द फौज के कैप्टन शाहनवाज़ ने नेताजी की मृत्यु के बाद मद्रास में हुई बैठक में बतायी। संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए डॉ पीयूष खरे जी ने कहा इस तरह की संगोष्ठियों की ज़्यादा जरूरत है जिससे युवा पीढ़ी वैचारिक स्तर पर अपने को मजबूत कर सके। वैचारिक स्तर पर मजबूत होकर ही हम देश सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए डॉ प्रचेतस ने नेताजी के सर्वधर्म समभाव के विचारों को उधृत करते हुए जीवन में उनके द्वारा बताए गये और किये गये कार्यों से प्रेरणा लेकर जीवन जीने की बात को प्रमुखता से विद्यार्थियों से कहा।

# निर्वाचन की गरिमा को बनाये रखने का सन्देश कार्यक्रम

## 25 जनवरी, 2022

यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा ऑनलाइन माध्यम से निर्वाचन की गरिमा को बनाये रखने का सन्देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ आदरणीय प्राचार्य डॉ ए एस मोजेज सर ने प्रार्थना से किया। उन्होंने हम सभी को निर्वाचन की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ .मंजू तिवारी ने स्वयंसेवकों से लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने मतदाता दिवस क्यों मनाया जा रहा है इस संबंध में स्वयसेवको को जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रचेतस ने सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रेमप्रकाश सिंह ने किया। कार्यक्रम अधिकारी श्री जीजो सी जॉर्ज सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# Symposium on Women empowerment: perspective and views organised by Women Cell

## March 8, 2022

### Symposium on Women Empowerment : Perspectives and Views organised by Women Cell, Ewing Christian College, Prayagraj

**Dr. Jyoti T. Hermit**
President, Women Cell

On the occasion of International Women's Day 2022, a Symposium on Women Empowerment: Perspectives and Views was organised by the Women Cell of Ewing Christian College, Prayagraj on 8th March 2022 to focus on the multi-dimensional facets of gender parity and women empowerment and to deliberate on the issue of high gender gap that impedes the development process of the country.

The program commenced with a word of prayer by Ms. Aswathy Prince. The guests inaugurated the symposium by lighting the lamp. Dr. Jyoti Hermit welcomed the speakers and shared the theme for International Women's Day 2022- "Gender Equality Today for a Sustainable Tomorrow" which conveys the idea that women's equality and empowerment is not only one of the sustainable development goals but also integral to all dimensions of inclusive and sustainable development. Prof. Anuradha Agarwal, Director, Centre for Women's Studies, University of Allahabad graced the occasion as one of the resource persons and focused on the varied dimensions of women empowerment especially emphasising the role of education, income and property in achieving gender parity. Dr. Ranjana Khanna, senior consultant and Director, Ranjana Hospital, Prayagraj threw light on women health and hygiene and discussed issues related to adolescent health especially anaemia, menstrual hygiene and PCOD. Mrs. Sushmita Mukherjee, Advocate, Allahabad High Court, focused on the need for legal awareness among women and imparted practical knowledge about legal rights and remedies provided under various women-related laws. Dr. Mrs. P. S. Massey thanked the guests and souvenirs were presented to the resource persons by senior women faculty members. The vote of thanks was delivered by Dr. Shivangi Rao. The program was attended by more than 250 girl students and faculty members from various departments. The office-bearers of the Women Cell, Dr Jyoti Hermit (President), Dr. Shivangi Rao (Vice President) and Ms. Aswathy Prince (Treasurer) supervised the successful organization of the symposium.

----

**आज का भारत : संवाद कार्यक्रम**

**मार्च 25, 2022**

आज का भारत ,वीआईपी कल्चर ,बढ़ती नाभिकीय शक्ति ,पर्यावरण एवं महिला सशक्तिकरण के मुद्दों पर स्वयंसेवकों से संवाद किया गया। स्वयंसेवकों से संवाद के कार्यक्रम में डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने समाज के ,छात्र जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जिसमें मुख्य रूप से समाज में राज्य और शिक्षकों की भूमिका पर विचार विमर्श हुआ। ढाई घंटे से अधिक चले इस सत्र के पश्चात भी स्वयंसेवकों के प्रश्न उठ रहे थे जो निश्चित तौर पर संवाद की जरूरत को समझाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रचेतस ने किया। समापन राष्ट्रगान से हुआ।





# योगाभ्यास एवं झुग्गी झोपड़ी में संवाद एवं प्रशिक्षण
## मार्च 26, 2022

कार्यक्रम अधिकारी स्वप्रिल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को योग के सैद्धांतिक पक्ष से परिचित कराया और स्वयंसेवक मित्रसेन के साथ विद्यार्थियों को योगाभ्यास भी कराया। इसके पश्चात स्वयंसेवक 10 टुकड़ियों में कीडगंज स्थित पाँच अलग अलग झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में गये। वहाँ पर बच्चों ,युवाओं व बुजुर्गों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी नजदीक से देखा व महसूस भी किया। महाविद्यालय लौटने पर अपने अनुभवों को सबसे साझा भी किया। महाविद्यालय के पुरा छात्र श्री विवेक दुबे जी द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य को देख और समझकर इस कड़ी में जुड़ने की बात भी की।





प्रयागराज,26 मार्च। राष्ट्रीय सेवा योजना के दूसरे दिन की शुरुआत योगासन से हुई। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को योग के सैद्धांतिक पक्ष से परिचित कराया और स्वयंसेवक मित्रसेन के साथ विद्यार्थियों को योगाभ्यास भी कराया। इसके पश्चात स्वयंसेवक 10 टुकड़ियों में कीडगंज स्थित पाँच अलग अलग झुग्गी झोपड़ी बस्तियों में गये। वहाँ पर बच्चों, युवाओं व बुजुर्गों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी नजदीक से देखा व महसूस भी किया। महाविद्यालय लौटने पर अपने अनुभवों को सबसे साझा भी किया। महाविद्यालय के पुरा छात्र श्री विवेक दुबे जी द्वारा चलाये जा रहे शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य को देख और समझकर इस कड़ी में जुड़ने की बात भी की।

अपराह्न 3 बजे बौद्धिक सत्र



में यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ मर्विन मैसी मुख्य वक्ता के रूप थे। कार्यक्रम का आरम्भ ईश वन्दना से हुआ। डॉ मैसी ने अपने ओजस्वी व संवेदना से परिपूर्ण उद्बोधन में इलाहाबाद के इतिहास और विशेष रूप से महाविद्यालय से जुड़े इतिहास को साझा किया। एक शिक्षक और विद्यार्थी दोनों की भूमिका के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य है ऐसे समाज का निर्माण जिसके मूल में सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना हो। यह सौभाग्य का विषय था कि इस बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ शोभा मैसी उपस्थित थीं। स्वयंसेवकों से संवाद करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना और उसके द्वारा समाज की बेहतरी के लिए किए जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में गणित विभाग के डॉ अशोक कुमार पाण्डेय एवं हिन्दी विभाग के डॉ सुदीप टिर्की की मौजूदगी स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणा स्रोत रही।अतिथियों का स्वागत डॉ प्रचेतस व धन्यवाद ज्ञापन डॉ जीजो सी जॉर्ज ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। राष्ट्रगान के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# "कौन आजाद हुआ?" नाटक का मंचन

## मार्च 27, 2022

यूनिवर्सिटी थिएटर ग्रुप द्वारा टूकर हॉल में" कौन आजाद हुआ?" नाटक का मंचन किया गया।भारत की आज़ादी के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले क्रांतिकारियों के विचारों पर आधारित इस नाटक के मंचन में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष के 65 कलाकार शामिल थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के डॉ अमितेश कुमार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में किया गया यह नाटक विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत की तरह भी दिखाई दिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से डॉ बृजेश पांडेय और डॉक्टर अमितेश कुमार जी का स्वागत डॉ प्रचेतस तथा श्री जीजो सी जॉर्ज द्वारा पुस्तक प्रदान करके किया गया। मंचन को सभी स्वयंसेवकों द्वारा खूब सराहा गया। नाटक को देखने के लिए लगभग 400 विद्यार्थियों के साथ ईसीसी से डॉ सूरज गुणवंत ,डॉ सुदीप तिर्की ,डॉ अंजनी कुमार मिश्र तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ मीनाक्षी जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया।








### विकासखंड शंकरगढ़ के अधिकारी मानदेय का भी कर रहे भुगतान

प्रयागराज, २७ मार्च । प्रयागराज जिले को ओडीएफ काफी पहले ही घोषित कर दिया गया है। इसी के साथ ही जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। लेकिन उनमें से अधिकांश में ताला लटक रहा है। इससे कई जगहों पर ग्रामीण अब भी खुले में शौच जाने लगे हैं।

संचालन के लिए अधिकांश जगहों पर इन शौचालयों को स्वयं सहायता समूहों को दिया गया है। इसके बाद भी इनका संचालन नहीं हो पा रहा है। विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत नारीबारी राष्ट्रीय राजमार्ग में महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय पंचायती राज विभाग द्वारा वर्ष २०२०-२१ में बनकर तैयार हो गया था। लेकिन आज तक महिला एवं बाल सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खुल सका। स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारियों अधिकारियों के लापरवाही से लगातार डेढ़-दो वर्षों से निरंतर ताला लटक रहा है। जिस पर स्थानीय नागरिकों ने कई बार विकासखंड शंकरगढ़ के सचिव व खंड

## विश्व रंगमंच दिवस पर ईसीसी में नाटय प्रस्तुति



प्रयागराज, २७ मार्च। रविवार को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई १ (३३), २ (३४) तथा ८(४०) के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन का प्रारम्भ महाविद्यालय परिसर में योगासन के साथ हुआ। विश्व रंगमंच दिवस होने का कारण आज का दिन रंगमंच के लिए सम्मर्पित रहा। प्रथम सत्र में यूनिवर्सिटी थिएटर ग्रुप द्वारा टूकर हॉल में ठकौन आजाद हुआ। नाटक का मंचन किया गया।भारत की आज़ादी के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले क्रांतिकारियों के विचारों पर आधारित इस नाटक के मंचन में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष के ६५ कलाकार शामिल थे। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के डॉ अमितेश कुमार के नेतृत्व व मार्गदर्शन में किया गया यह नाटक विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत की तरह भी दिखाई दिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग से डॉ बृजेश पांडेय और डॉक्टर अमितेश कुमार जी का स्वागत डॉ प्रचेतस तथा श्री जीजो सी जॉर्ज द्वारा पुस्तक प्रदान करके किया गया। मंचन को सभी स्वयंसेवकों द्वारा खूब सराहा गया। नाटक को देखने के लिए लगभग ४०० विद्यार्थियों के साथ ईसीसी से डॉ सूरज गुणवंत, डॉ सुदीप तिर्की, डॉ अंजनी कुमार मिश्र तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डॉ मीनाक्षी जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। स्वल्पाहार के पश्चात द्वितीय सत्र में रंगमंच की कार्यशाला का आयोजन किया गया। रंगकर्मी डॉ नीरज उपाध्याय, सिद्धार्थ पाल एवं हर्ष के निर्देशन में स्वयंसेवको ने अभिनय के कुछ गुर सीखे। इस कार्यशाला के बाद स्वयंसेवकों ने दो नुक्कड़ नाटक पर्यावरण संरक्षण एवं धार्मिक विभेद विषय पर प्रस्तुत किया समापन राष्ट्रगान से हुआ।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

## मार्च 28-29, 2022

आगाज फाउंडेशन एवं शुचिता फार्मेसी के सहयोग से महाविद्यालय के टूकर हाल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए एस मोजेस द्वारा किया गया। इस शिविर में body fat ratio, visceral fat, muscle mass, basal metabolism, bone mass, water, suger, blood pressure तथा eye चेकअप के साथ स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी परामर्श भी चिकित्सकों द्वारा दिया गया। आज के दिन 148 स्वयंसेवकों का पूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण हुआ। डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।





## ईसीसी में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

प्रयागराज, 28 मार्च। सोमवार को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 (33), 2 (34) तथा 8(40) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का प्रारम्भ महाविद्यालय परिसर में योगासन के साथ हुआ। आगाज फाउंडेशन एवं शुचिता फार्मेसी के सहयोग से महाविद्यालय के टूकर हाल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए एस मोजेस द्वारा किया गया। इस शिविर में चेकअप के साथ स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी परामर्श भी चिकित्सकों द्वारा दिया गया। आज के दिन 148 स्वयंसेवकों का पूर्ण चिकित्सकीय परीक्षण हुआ। डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वल्पाहार के पश्चात द्वितीय सत्र में समाज परिवर्तन में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के पुरा छात्र एवं मेंबर ट्रिब्यूनल सेल्स टैक्स जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव जी ने विद्यार्थियों की भूमिका और



कर्त्तव्य पर संवाद करते हुए कहा कि हम सभी को ऐसा माहौल बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए जिसमें सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध हो सके। डॉ पीयूष खरे (भूतपूर्व विभागाध्यक्ष गणित विभाग ई सी सी) ने नेत्रदान व देहदान की जरूरत क्यों है इस विषय पर विद्यार्थियों से अपने विचार साझा किए और इस दिशा में कार्यरत संस्था दृष्टांत के उद्देश्यों और विचारों से भी से भी अवगत कराया। गणित विभाग के डॉ राम प्रकाश सिंह ने समाज परिवर्तन में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को जितना बाहर से परिवर्तित करता है उससे अधिक अंदर से भी परिवर्तित करता है। संवेदना और मानवता को समाज में फैलाने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा बखूबी किया जा रहा है और इसे निरंतर करने की जरूरत है। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव, स्वागत डॉ प्रचेतस और धन्यवाद ज्ञापन जीजो सी जॉर्ज ने किया। समापन राष्ट्रगान से हुआ।




दिनांक29 – 03– 2022को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 )33( ,2 )34 (तथा8 )40( के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का प्रारम्भ महाविद्यालय परिसर में योगासन के साथ हुआ। आगाज फाउंडेशन एवं शुचिता फार्मेसी के सहयोग से महाविद्यालय के टूकर हाल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का दूसरा दिन था। आज महाविद्यालय के अध्यापकों तथा कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही स्वयंसेवकों द्वारा चयनित कीटगंज झुग्गी बस्ती से कई बच्चों को महाविद्यालय लाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया। बच्चे बस्ती से आए थे। चिकित्सकों ने सभी को उचित परामर्श दिया। इस शिविर में कार्यक्रम अधिकारी श्री जीजो सी जॉर्ज ,डॉ प्रचेतस डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव के अतिरिक्त डॉ रामप्रकाश सिंह ,डॉ अशोक कुमार पाठक ,डॉ थॉमस इब्राहम ,डॉ अनिल कुमार शुक्ल ,डॉ प्रेमप्रकाश सिंह ,डॉ सूरज गुणवंत , डॉ अशोक कुमार पाण्डेय ,श्री सुदीप तिर्की ,श्री रामजी पांडेय,श्री गजराज पटेल सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ महाविद्यालय के पुराछात्रों सहित कुल 155 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। दो दिनों के स्वास्थ्य शिविर में कुल 328 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

**समाज परिवर्तन में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर संवाद का आयोजन**
**मार्च 28, 2022**

समाज परिवर्तन में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर संवाद का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के पुरा छात्र एवं मेंबर ट्रिब्यूनल सेल्स टैक्स श्री जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव जी ने विद्यार्थियों की भूमिका और कर्त्तव्य पर संवाद करते हुए कहा कि हम सभी को ऐसा माहौल बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिए जिसमें सभी के लिए समान अवसर उपलब्ध हो सके। डॉ पीयूष खरे) भूतपूर्व विभागाध्यक्ष गणित विभाग ई सी सी ( ने नेत्रदान व देहदान की जरूरत क्यों है इस विषय पर विद्यार्थियों से अपने विचार साझा किए और इस दिशा में कार्यरत संस्था दृष्टांत
के उद्देश्यों और विचारों से भी से भी अवगत कराया। गणित विभाग के डॉ राम प्रकाश सिंह ने समाज परिवर्तन में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को जितना बाहर से परिवर्तित करता है उससे अधिक अंदर से भी परिवर्तित करता है। संवेदना और मानवता को समाज में फैलाने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा बखूबी किया जा रहा है और इसे निरंतर करने की जरूरत है। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव , स्वागत डॉ प्रचेतस और धन्यवाद ज्ञापन श्री जीजो सी जॉर्ज ने किया। समापन राष्ट्रगान से हुआ।





**आशुभाषण प्रतियोगिता**
**मार्च 30, 2022**

महाविद्यालय के टूकर हाल में आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में सी एम पी महाविद्यालय से डॉ दीप्ति विष्णु तथा ई सी सी से डॉ आरुणेय मिश्र उपस्थित रहे। प्राची को प्रथम , गुलिस्ता अंजुम को द्वितीय तथा जयकेश सिंह को तृतीय स्थान मिला। डॉ आरुणेय मिश्र ने स्वयंसेवकों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। डॉ दीप्ति विष्णु ने कहा कि स्वयसेवकों को सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की दिशा में सोचना चाहिए। आशु भाषण प्रतियोगिता में 24 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम अधिकारी जीजो सी जॉर्ज ने संचालन डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रचेतस ने किया।



# देशभक्ति गीत प्रतियोगिता

## मार्च 30, 2022

दिनांक मार्च 30, 2022 को देशभक्ति के गीतों की प्रतियोगिता हुई। इसमें निर्णायक के रूप में भौतिकी विभाग ई सी सी से डॉ .प्रेम प्रकाश सिंह तथा हिंदी विभाग के अतिथि प्रवक्ता श्री पद्मभूषण प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी जीजो सी जॉर्ज ने ईश प्रार्थना की। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा मिश्रा और साक्षी तिवारी को द्वितीय स्थान अनिमेष शुक्ल और तृतीय स्थान खुशी केसरी तथा साक्षी शुक्ला) समूह (को संयुक्त रूप से मिला। डॉ प्रेमप्रकाश सिंह ने स्वयसेवको को अपनी झिझक और संकोच को दूर करने की प्रेरणा दी। श्री पद्मभूषण प्रताप सिंह ने गीतों के सुर ,ताल लय पर बारीकी से चर्चा करते हुए कुछ गीत भी सुनाए। स्वयसेवकों ने निर्णायकों का स्वागत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रचेतस ने कार्यक्रम का संचालन और डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# वाद विवाद प्रतियोगिता

## (विषय : "नाभिकीय ऊर्जा विश्व के लिए खतरा है”)

## मार्च 30, 2022

"नाभिकीय ऊर्जा विश्व के लिए खतरा है "विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भौतिकी विभाग से डॉ प्रेमप्रकाश सिंह तथा हिंदी विभाग से डॉ सुदीप तिर्की उपस्थित रहे। इसमें प्रथम स्थान पर गरिमा मिश्रा  द्वितीय स्थान पर गार्गी श्रीवास्तव रहीं। निर्णायकों का स्वागत श्री जीजो सी जॉर्ज, कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रचेतस ने किया।




प्रयागराज, ३१ मार्च। गुरुवार को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई १ (३३), २ (३४) तथा ८(४०) के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन का प्रारंभ योगासन से हुआ। प्रथम सत्र में 'नाभिकीय ऊर्जा विश्व के लिए खतरा है' विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भौतिकी विभाग से डॉ प्रेमप्रकाश सिंह तथा हिंदी विभाग से डॉ सुदीप तिर्की उपस्थित रहे। इसमें प्रथम स्थान पर गरिमा मिश्रा  द्वितीय स्थान पर गार्गी श्रीवास्तव रहीं। निर्णायकों का स्वागत श्री जीजो सी जॉर्ज ,कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रचेतस ने किया। शिविर में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर  २९ पोस्टर स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए। आज इन पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक हिंदी विभाग के सुदीप तिर्की रहे। इसमें पांच प्रमुख पोस्टरों को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

पुरस्कार अपेक्षा मिश्रा, तरुण द्विवेदी, मोनिका आर्या, कौस्तुभ मणि एवं अनिमेष शुक्ल द्वारा बनाए गये पोस्टरो पर दिया गया। शिविर में ठआज का भारतठ विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानवी कौशल, द्वितीय स्थान अंगद कुमार और तृतीय स्थान ताहिरा और गरिमा मिश्रा को मिला। स्वल्पाहार के पश्चात द्वितीय सत्र शिविर का समापन समारोह था। इस समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ राजेश गर्ग जी थे। समापन समारोह का संचालन स्वयंसेवकों ने ही किया। ईश प्रार्थना, स्वागत गीत के बाद स्वयंसेवकों ने पुस्तक प्रदान कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ राजेश गर्ग ने कहा कि सेवा और परोपकार की भावना वेदों और पुराणों के समय से रही है। बीसियों संस्कृत के श्लोकों और दोहों का उद्धरण देते हुए उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों के द्वारा बनाए गए पोस्टरों तथा [illegible] से बनाए गए सामानों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी स्वयंसेवकों के लिए पुरस्कार एवं अलग से प्रमाण पत्र देने की बात कही। स्वयंसेवकों ने शिविर के पिछले छ दिनों में हुए अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और कहा कि इस तरह के शिविरों से हमारा सर्वांगीण विकास होता है। शिविर का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर पोस्टर प्रदर्शनी

## मार्च 30, 2022

दिनांक मार्च 30, 2022 को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर 29 पोस्टर स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए। आज इन पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक हिंदी विभाग के सुदीप तिर्की रहे। इसमें पांच प्रमुख पोस्टरों को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पुरस्कार अपेक्षा मिश्रा , तरुण द्विवेदी , मोनिका आर्या , कौस्तुभ मणि एवं अनिमेष शुक्ल द्वारा बनाए गये पोस्टरो पर दिया गया।





प्रयागराज, ३१ मार्च। गुरुवार को यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई १ (३३), २ (३४) तथा ८(४०) के सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन का प्रारंभ योगासन से हुआ। प्रथम सत्र में 'नाभिकीय ऊर्जा विश्व के लिए खतरा है' विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में भौतिकी विभाग से डॉ प्रेमप्रकाश सिंह तथा हिंदी विभाग से डॉ सुदीप तिर्की उपस्थित रहे। इसमें प्रथम स्थान पर गरिमा मिश्रा द्वितीय स्थान पर गार्गी श्रीवास्तव रहीं। निर्णायकों का स्वागत श्री जीजो सी जॉर्ज ,कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ प्रचेतस ने किया। शिविर में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर २९ पोस्टर स्वयंसेवकों द्वारा बनाए गए। आज इन पोस्टरों की प्रदर्शनी लगाई गई। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक हिंदी विभाग के सुदीप तिर्की रहे। इसमें पांच प्रमुख पोस्टरों को प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। पुरस्कार अपेक्षा मिश्रा, तरुण द्विवेदी, मोनिका आर्या, कौस्तुभ मणि एवं अनिमेष शुक्ल द्वारा बनाए गये पोस्टरो पर दिया गया। शिविर में ठआज का भारतठ विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानवी कौशल, द्वितीय स्थान अंगद कुमार और तृतीय स्थान ताहिरा और गरिमा मिश्रा को मिला। स्वल्पाहार के पश्चात द्वितीय सत्र शिविर का समापन समारोह था। इस समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ राजेश गर्ग जी थे। समापन समारोह का संचालन स्वयंसेवकों ने ही किया। ईश प्रार्थना, स्वागत गीत के बाद स्वयंसेवकों ने पुस्तक प्रदान कर मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ राजेश गर्ग ने कहा कि सेवा और परोपकार की भावना वेदों और पुराणों के समय से रही है। बीसियों संस्कृत के श्लोकों और दोहों का उद्धरण देते हुए उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों के द्वारा बनाए गए पोस्टरों तथा [illegible] से बनाए गए सामानों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए अन्य प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी स्वयंसेवकों के लिए पुरस्कार एवं अलग से प्रमाण पत्र देने की बात कही। स्वयंसेवकों ने शिविर के पिछले छ दिनों में हुए अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और कहा कि इस तरह के शिविरों से हमारा सर्वांगीण विकास होता है। शिविर का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## नशा मुक्ति अभियान

## 31 मई, 2022

यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–2 )34 (तथा8 )40( के तत्त्वावधान में आज **31 मई 2022 को** नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुये बताया कि वर्ष 1987 ई .से हम 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस मना रहे हैं। आज के कोरोना महामारी के दौर में यदि हम किसी प्रकार का नशा धूम्रपान मद्यपान आदि नहीं करते तो हम ५० %सुरक्षित हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ .प्रचेतस् ने कहा कि हम सभी स्वयंसेवकों को समाज में नशामुक्ति अभियान चलाना चाहिये और लोगों को इस विषय में जागरुक करना चाहिये। स्वयंसेवक तरुण तथा अभिनव ने अपनी बात रखी। स्वयंसेवकों ने सभी को तम्बाकू सेवन न करने और समाज में जागरुकता फैलाने की शपथ दिलाई।



# सत्र : 2020 – 21

# Jasna-e-Kargil Inter Directorate Quiz Competition

# 26.07.2020

6. JASHNA-E-KARGIL INTER DIRECTORATE QUIZ COMPETITION

Organized by :

Swami Vivekanand Pg College Lohaghat 80 UK BN NCC PITHORAGARH UTTRAKHAND AND 16 UP BN NCC (ECC).

DATE: 26/07/2020


Under the leadership OF **CO JS PRASAD,**
**LT.COL BMS PARMAR AND LT. DR KAMLESH SHAKTA**
**LT. DR. AMITABH SHAD.**




# सरदार वल्लभ भाई पटेल का आज़ादी की लड़ाई में योगदान :एक स्मरण

## **31 अक्टूबर, 2020**

दिनांक 31 अक्टूबर, 2020 को वेब परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव जी ने सभी अतिथियों और स्वयंसेवकों का स्वागत करते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल के आज़ादी की लड़ाई में किये गये योगदान को स्वयंसेवकों से साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के राके पूर्व .यो .से . अशोक .प्रभारी डॉ कुमार पाण्डेय जी ने इस अवसर पर उनके व्यक्तित्त्व और कर्त्तृत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि स्वयंसेवकों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिये। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के गणित विभाग के डॉ अनिल कुमार शुक्ला जी ने कहा कि हम सभी को एकता के सिद्धान्त को व्यवहार में पालन करना चाहिये। हिन्दी विभाग से श्री अंजनी कुमार मिश्र जी ने स्वयंसेवकों को सन्देश दिया कि उन्हें समानता के सिद्धान्त का प्रचार जन जन के बीच करना चाहिये। स्वयंसेवक अभिनव ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉस्वप्निल श्रीवास्तव जी . प्रचेतस् .ने स्वयंसेवकों को एकता की शपथ दिलाई। अन्त में कार्यक्रमाधिकारी डॉ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।इस परिचर्चा में अभिनव, अभय सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।







# ब्रिटिश साम्राज्यवाद के ख़िलाफ़ स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष : एक परिचर्चा

## जनवरी 23, 2021

कार्यक्रम का आरम्भ कार्यक्रमाधिकारी डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव जी ने नेता जी द्वारा लिखे गये वाक्यों को उद्धृत करके किया। मुख्य वक्ता डॉ कृष्ण स्वरूप आनन्दी जी ने कहा कि नेता जी चिरंजीवी हैं। उन्होंने ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ जो लडाई लडी उससे प्रेरणा लेकर हमें साम्राज्यवादी शक्तियों का विरोध करना चाहिए। आज के दौर में दो महापुरूषों के मतभेदों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है, स्वयंसेवकों को इसे सावधानीपूर्वक समझना चाहिए। नेता जी द्वारा गढे गये नारे आज भी प्रासंगिक हैं। विशिष्ट अतिथि ईसीसी के गणित विभाग के आचार्य डॉ. राम प्रकाश सिंह जी ने सुभाष चन्द्र बोस और महात्मा गांधी जी के परस्पर विश्वासपूर्ण सम्बन्ध पर प्रकाश डाला। डॉ. सिंह ने नेता जी के इलाहाबाद आगमन, दारागंज के फॉरवर्ड ब्लॉक कार्यालय तथा आनन्द भवन में निवास का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि नेता जी के व्यक्तित्त्व को पराक्रम या शौर्य जैसे किसी भी शब्द से व्यक्त नहीं किया जा सकता है। स्वयंसेवक शशांक शेखर शुक्ल ने 'नेता जी की अमर गाथा' गीत तथा अभिनव ने जीवन परिचय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रचेतस् ने किया।कार्यक्रम में पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार शुक्ल सहित सैकड़ों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# Women Empowerment Programme at Sangam Ghat

# 09.02.2021


## 3. WOMEN EMPOWERMENT PROGRAM AT SANGAM GHAT.

"To all the little girls who are watching this, never doubt that you are valuable and powerful, and deserving of every chance and opportunity in the world to pursue and achieve your own dreams." — Hillary Clinton.

This programme was conducted on 9 February 2021 to develop a feeling of feminism within female cadets and to motivate them to face any obstacle without any fear or anxiety. Following cadets participated in this program:

Cdt Riya chaturvedi
Cdt Akansha maurya
Cdt Anupriya agrahari
Cdt Sneha kesarwani
Cdt Ankita tripathi





# Ek Bharat Shreshtha Bharat Programme

# 27 Jan-1 Feb, 2021

## 5. EBSB (EK BHARAT SHRESTHA BHARAT) ONLINE CAMP BY CADET

The Uttar Pradesh and Maharashtra Directorate of the National Cadet Corps organized a virtual seminar (webinar) as part of the **'Ek Bharat Shreshth Bharat'** initiative by the Indian Government. The main objective of this webinar was to enrich the spirit of unity, nationalism and brotherhood among the participants by understanding, familiarizing and embracing each other's culture, religion and regional customs.


The webinar was conducted from 27 January 2021 until 1 February 2021 using the Google Meet virtual meeting platform and was commenced with an opening address by Lt. Jitendra Desale of the Maharashtra Directorate encouraging all the participants to actively indulge in all the events. The webinar was conducted in an exemplary manner, with minimal disturbance and smooth execution. The various topics, which were covered during the 6-day event, were diversely related to the cultural heritage, history, geographical features, infrastructure, festivals, customs and traditions of the two states. Cadets of the respective groups discussed the different aspects of the two participating states in detail through presentations, clips and live discussions. Learning languages of each other, namely Hindi and Marathi, was one of the highlights of the webinar. Camps provide a great opportunity to the cadets to develop leadership skills, enhance their public speaking abilities and exponentially expand their knowledge base.

Cadets who participated in this camp are:

Cadet Baijnath Kesari

Cadet Sneha Kesarwani

Cadet Ekagra Chattree








# संवाद कार्यक्रम : बंधुआ मजदूरों की स्थिति और अनाज बैंक

## फरवरी 27, 2021

प्रगति ग्रामोद्योग एवं समाज कल्याण संस्थान के श्री सत्यवान जी ने स्वयंसेवकों के बीच बन्धुआ मजदूरों की स्थिति और अनाज बैंक के बारे में अपनी बात रखी तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के ग्रामीण इलाकों में वंचित समुदायों के बीच अबतक 83 अनाज बैंकों की स्थापना की गयी है। यह अनाज बैंक पूरी तरह से जनसमुदाय के द्वारा चलाया जा रहा है। कोविड काल में ये अनाज बैंक वंचित समुदायों के लिए बड़ी उम्मीद साबित हुए और आज इन समुदायों के बीच से ही शिक्षा व स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए भी आवाज उठ रही है। समाज परिवर्तन की दिशा में इन अनाज बैंकों का महत्वपूर्ण योगदान दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रचेतस ने वक्ता का स्वागत किया व कार्यक्रम अधिकारी डॉ जीजो जॉर्ज ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।




# शांति रैली

# फरवरी 27, 2021

अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद जी को उनके शहादत दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए स्वयंसेवकों ने स्वराज विद्यापीठ से चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क तक शान्ति रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद जी के योगदान को याद करते हुए उनसे जुड़ी हुई बातों को बच्चों से साझा किया और कहा कि आज़ाद आज भी हमारे अन्दर जीवित हैं और हम सभी उनसे निरंतर प्रेरणा पाते रहते हैं। आज ही के दिन 27 फरवरी 1931 को चन्द्रशेखर आज़ाद ने आत्मबलिदान का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया और अंग्रेजी हुकूमत से अकेले लड़ते हुए उनकी गिरफ्त में आने से पहले ही स्वयं को गोली मार ली और जीवित रहते हुए अंग्रेजी हुकूमत की गिरफ्त में न आने के अपने प्रण को सही साबित करते हुए सदा के लिए अमर हो गये।






# नाट्य कार्यशाला का आयोजन एवं माघ मेला भ्रमण

## फरवरी 28, 2021

वरिष्ठ रंगकर्मी नीरज उपाध्याय के निर्देशन में नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान ही अलगअलग टीम बनाकर तीन नुक्कड़ नाटक तैयार किये गये। माघ मेले में ही इन नुक्कड़ नाटकों का मंचन भी किया गया। बालश्रम, नैतिकता एवं शिक्षा पर आधारित इन नाटकों को वहाँ पर उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। लोगों के द्वारा मिली प्रशंसा ने स्वयंसेवकों के अन्दर ऊर्जा का संचार कर दिया और तीनों ही टीमों ने तय किया कि माह में कम से कम एक बार इन नाटकों का मंचन हम प्रयागराज में अलग अलग स्थानों पर करेंगे। डॉ प्रचेतस ने नीरज जी का स्वागत किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जीजो जॉर्ज ने किया। स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों से नुक्कड़ नाटकों की उपयोगिता एवं समाज में उसके प्रभाव को लेकर चर्चा की। इसके बाद स्वयंसेवक माघमेले के भ्रमण पर गये जहाँ उन्होंने मेले में लगी प्रदर्शनियों को देखा और साथ ही साथ अलग अलग प्रदर्शनियों में लगे स्टॉल पर जाकर भी संवाद किया। इसके सैट ही साथ विदा होते हुए कल्पवासियों से भी संवाद कर मेले के महात्म्य एवं सामाजिक समरसता के बारे भी सीखा। भ्रमण के पश्चात प्रत्येक स्वयंसेवक को आज के कार्यक्रम व उसे मिले अनुभवों को लिखकर भेजने का कार्यक्रम तय हुआ।






# मलिन बस्ती भ्रमण एवं संवाद कार्यक्रम

# मार्च 1, 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत से पूर्व स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना के श्री विवेक दुबे का स्वागत किया गया। डॉ प्रचेतस ने विवेक जी का स्वागत किया और उनसे अपने कार्यों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराने का अनुरोध किया। विवेक जी उन कुछ स्वयंसेवकों में से एक हैं जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के संदेश को अपने जीवन में उतार लिया है। 2012 से वे अनवरत कीडगंज की मलिन बस्ती में बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य व उनके अन्दर स्वाभिमान की भावना के लिए काम कर रहे हैं। उनके इस कार्य से मलिन बस्ती के बच्चों के अन्दर जो परिवर्तन हुआ है वह मलिन बस्ती में जाकर ही महसूस किया जा सकता है। उनसे परिचर्चा करने के बाद स्वयंसेवक मलिन बस्ती में 11 अलग अलग टोलियाँ बनाकर गये। वहाँ के अनुभवों पर उन्होंने एक रिपोर्ट भी तैयार की और उनकी समस्याओं से अवगत होने के बाद कुछ स्वयंसेवकों ने वहाँ लगातार काम करने की इच्छा बतायी।








# आशुभाषण प्रतियोगिता

# **मार्च 2, 2021**

दिनांक मार्च 2, 2021 को 20 से भी अधिक विषयों पर आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।विषय प्रवेश कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया और आशुभाषण के साथ ही  साथ वाद-विवाद की बारीकियों के बारे में भी स्वयंसेवकों को अवगत कराया । डॉ दुर्गेश दीक्षित, डॉ प्रचेतस एवं डॉ जीजो जॉर्ज प्रतियोगिता के निर्णायक गण थे। प्रतियोगिता में स्वयंसेवक सारांश तिवारी, उत्कर्ष मिश्रा एवं सिद्धार्थ शुक्ला क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक व अभिनव ने किया।





# आज़ादी की लड़ाई में यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय की भूमिका पर संवाद

## मार्च 2, 2021

दिनांक 2.03.2021 को स्वराज विद्यापीठ, प्रयागराज में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के बीच संवाद कार्यक्रम में यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ मर्विन मैसी मुख्य वक्ता के रूप थे। डॉ मैसी ने अपने ओजस्वी व संवेदना से परिपूर्ण उद्बोधन में महाविद्यालय के इतिहास के साथ ही साथ महाविद्यालय के आज़ादी की लड़ाई में शामिल होने की चर्चा की। उन्होंने गाँधी जी के सत्य, अहिंसा व न्याय के आदर्शों को भी स्वयंसेवकों के बीच रखा और उनको समाज निर्माण में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक अनूप सिंह ने भजन व प्रियांग त्रिपाठी ने गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक ने किया। सत्र के अन्त में कार्यक्रम अधिकारी डॉ जीजो जॉर्ज ने ईश वन्दना की।






YOU TUBE LINK : https://youtu.be/5W0V6jh8qb8

## आओ अपने विश्वविद्यालय को जाने : एक शैक्षणिक भ्रमण

## मार्च 3, 2021

मार्च 3, 2021 को 'आओ, अपने विश्वविद्यालय को जाने' के कार्यक्रम में हम सभी विजयनगरम हॉल के सामने एकत्रित हुए। कल दिनाँक 4 मार्च, 2021 को माननीय राज्यपाल महोदया का कार्यक्रम विजयनगरम हॉल में है अतः हम सभी हॉल को अन्दर से नहीं देख पाये। वहाँ पर उपस्थित कुलसचिव प्रो. एन. के. शुक्ला जी से अनुरोध करने पर उन्होंने हमें बाहर खड़े रहकर चर्चा करने को कहा और कला संकाय के भ्रमण की बात की। उनको आभार व्यक्त करके हम सभी भ्रमण कराने के लिए विशेष रूप से आयी डॉ कविता गुप्ता से विजयनगरम हॉल एवं भौतिक विभाग के बारे में विशद जानकारियाँ प्राप्त किये। इसके उपरान्त स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यालय गये। इस भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों को जो अनुभव प्राप्त हुआ वह उनके जीवन के लिए निश्चित ही महत्वपूर्ण होगा। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय से जुड़े अपने अनुभवों को भी स्वयंसेवकों से साझा किया।





# वाद-विवाद प्रतियोगिता

## विषय : ऑनलाइन शिक्षा

## मार्च 4, 2021

ऑनलाइन शिक्षा विषय पर आयोजित वादविवाद प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने बढचढकर प्रतिभाग किया। निर्णायक के रूप में डॉ. प्रतिभा आर्या (सहायक आचार्या, जगततारन महिला महाविद्यालय) तथा डॉ. सुदीप तिर्की (सहायक आचार्य, यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय) उपस्थित थे। डॉ. प्रतिभा आर्या ने प्राचीन भारत की शिक्षा व्यवस्था और ऑनलाइन शिक्षा पर चर्चा की, वहीं डॉ. सुदीप तिर्की ने स्वयंसेवकों को बताया कि कैसे और अधिक प्रभावशाली ढंग से अपनी बात रखनी चाहिये। स्वयंसेवक हर्ष पाण्डेय ने प्रथम, मित्रसेन ने द्वितीय तथा विनय महतो और शैलेश को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रचेतस् तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया।











## ‘व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता’ पर संवाद

## मार्च 4, 2021

मुख्य वक्ता डॉ. अजिन रे ,अध्यक्ष,भूगोल विभाग, ई.सी. सी. थे। स्वयंसेवकों से संवाद के कार्यक्रम में उन्होंने व्यक्तित्त्व के विकास, नेतृत्व क्षमता आदि विषयों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बहुत सारी ऐसी बातें बतायीं जो निश्चित तौर पर स्वयंसेवकों के लिए बहुत उपयोगी रहीं। संचालन स्वयंसेवक आलोक ने तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीजो सी. जॉर्ज ने किया।सायंकाल लोकगीत की प्रतियोगिता हुई। १४स्वयंसेवकों ने लोकगीत प्रस्तुत किया। अनूप सिंह और प्रियवंद संयुक्त रूप से प्रथम, स्वतन्त्र राज और देवेन्द्र सिंह द्वितीय, विनय, शशांक और अंशुमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रगान के साथ छठें दिन का कार्यक्रम समाप्त हुआ।





**एक दिवसीय शिविर : 'भारतीय दर्शन, संस्कृति एवं परम्परा'**

**दिनांक : मार्च 5, 2021**

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है इस विषय पर स्वयंसेवकों ने अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वामी विवेकानन्द और रामकृष्ण परमहंस के विचारों और अद्वैत दर्शन पर स्वयंसेवकों से बातचीत की। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने आज के समापन कार्यक्रम के लिए तैयारी की और पोस्टर प्रदर्शनी भी लगायी। जलसंरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कोरोना से बचाव आदि विषयों पर लगे पोस्टरों को स्वयंसेवकों के साथ साथ आये हुए अतिथियों ने भी खूब सराहा।

इसके बाद का सत्र स्वराज पर केंद्रित था जो राष्ट्रीय सेवा योजना का केंद्रीय भाव भी है। इस सत्र के मुख्य वक्ता अर्थशास्त्री एवं स्वराज चिन्तक तथा स्वराज विद्यापीठ के कुल संचालक डॉ. कृष्णस्वरूप आनन्दी थे। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत को केन्द्र में रखकर स्वराज विषय पर स्वयंसेवकों से संवाद किया और उन्हें स्वराज की दिशा में अपने जीवन को लगाने के लिए प्रेरित भी किया। सातवाँ दिन होने के नाते आज शिविर का समापन भी था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. रामसेवक दूबे (आचार्य, संस्कृत विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश कुमार गर्ग(समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना इलाहाबाद विश्वविद्यालय)थे।कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने ईश वन्दना, लोक गीत, कहानी तथा शिविर के अनुभवों को प्रस्तुत किया।







## नशा मुक्त भारत : सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम

## मई 31, 2021

यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-2 (34) तथा 8(40) के तत्त्वावधान नशा मुक्ति अभियान से संबंधित एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुये बताया कि वर्ष 1987 ई. से हम 31 मई को तम्बाकू निषेध दिवस मना रहे हैं। आज के कोरोना महामारी के दौर में यदि हम किसी प्रकार का नशा धूम्रपान मद्यपान आदि नहीं करते तो हम ५०% सुरक्षित हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रचेतस् ने कहा कि हम सभी स्वयंसेवकों को समाज में नशामुक्ति अभियान चलाना चाहिये और लोगों को इस विषय में जागरुक करना चाहिये। स्वयंसेवक तरुण तथा अभिनव ने अपनी बात रखी। स्वयंसेवकों ने सभी को तम्बाकू सेवन न करने और समाज में जागरुकता फैलाने की शपथ दिलाई।






# सत्र : 2019 – 2020

# 1 से 15 अगस्त , 2019

## स्वच्छता पखवाड़ा (1 से 15 अगस्त, 2019)

यूइंग क्रिस्चियन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट 8 की तरफ से 1 से 15 अगस्त तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान ई सी सी के गणित विभाग के चारों तरफ व विभाग में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी सन्दर्भ में 10 अगस्त 2019 को त्रिवेणी पुष्प के समीप अरैल घाट के सामने स्वराज वन का शुभारम्भ किया गया। स्वराज वन में नीम, शीशम, आम, आँवला एवं अमरूद के पौधे लगाये गये और उन्हें जानवरों से सुरक्षित रखने के लिए स्वराज विद्यापीठ के सहयोग से ट्री गार्ड लगाया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य वक्ता डॉ राम प्रकाश सिंह ने कहा कि इस तरह के छोटे छोटे वन बनाकर ही हम पृथ्वी को पर्यावरण संकट से बचा सकते हैं। एक पौधा लगाने व उसके संरक्षण में कितना श्रम लगता हैए यह तो हम सभी देख रहे हैं। आज उन किसानों को नमन करने का मन करता है जो अन्नदाता हैंए जिनके कारण हम अन्दर से सुरक्षित हैं और साथ ही जवानों को भी नमन जिनके कारण हम बाहरी आक्रान्ताओं से सुरक्षित हैं। इस अवसर पर ए एन सेवा वृद्धाश्रम के संस्थापक श्री आलोक निगम ने कहा कि पेड़ों को लगाना महत्वपूर्ण है ही पर उनकी देखभाल करना उससे भी ज़्यादा महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भौतिकविद प्रोफेसर प्रदीप कुमार, गांधीवादी एवं लेखक डॉ कृष्ण स्वरूप आनन्दी, प्रोफेसर रामाज्ञा राय सहित गोल्डेन जुबली जगत तारन के बच्चे उपस्थित थे। संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि जल संरक्षण एवं संचयन के लिए इस तरह के छोटे छोटे जंगलों को लगाने की जरूरत है। जलए जंगल और प्राकृतिक संसाधनों पर सबका समान रूप से अधिकार है।हम तभी स्वस्थ रहेंगे जबकि हमारे जंगल स्वस्थ रहेंगे। वातावरण की स्वच्छता के लिए वन संरक्षण की नितान्त आवश्यकता है।



स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर 16 अगस्त 2019 को चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क में गंगागुरुकुलम व पतंजलि ऋषिकुल के बच्चों के साथ जल संचयन व संरक्षण पर नुक्कड़ नाटकों के साथ संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनोवैज्ञानिक प्रोफेसर रमाचरण त्रिपाठी ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। आज कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियां जल पर एकाधिकार की साजिश रच रही हैं और हमें फिर से गुलाम बनाने की कोशिश की जा रही है। इस छिपी हुई लड़ाई से हम सभी को सचेत रहने की जरूरत है। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने वहाँ उपस्थित लोगों को जल संचयन व संरक्षण की शपथ दिलायी।




















# फिट इंडिया मूवमेंट

## अगस्त 29, 2019

### फिट इण्डिया मूवमेंट, 29 अगस्त 2019

यूइंग क्रिस्चियन कॉलेज में आज दिनाँक 29 अगस्त 2019 को फिट इण्डिया मूवमेंट के शुभारम्भ के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में पदयात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए एस मोज़ेज़ के उद्बोधन से हुआ। अपने सम्बोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि भारत वर्ष को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए हम सभी का स्वस्थ होना अति आवश्यक है। निरोगी व स्वस्थ रहने के लिए हमें प्रतिदिन कम से कम 10 हजार कदम पैदल चलना चाहिए। इसके पश्चात काफी अधिक संख्या में छात्र व छात्राएं फिट इण्डिया हिट इण्डिया एवं कर योग रहें निरोग का नारा लगाते हुए पदयात्रा में शामिल हुए। छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए एस मोज़ेज़, डॉ सोनाली चतुर्वेदी, डॉ संजय कुमार मिश्रा, डॉ मन्जू





तिवारी, डॉ प्रचेतस एवं स्वप्निल श्रीवास्तव लगातार पदयात्रा में शामिल रहे। पदयात्रा के अन्त में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रमुख डॉ मन्जू तिवारी ने प्रतिभागियों को फिट इण्डिया शपथ दिलायी व कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।






# रक्तदान शिविर

# सितम्बर 14, 2019

## 4. BLOOD DONATION CAMP- I

A blood donation camp was organized by Motilal Nehru Medical College on 14th September at the premises of the college. A team of 12 doctors and nurses came for the collection of blood.

There was an overwhelming response from students of college. Cadet Akhil Iype Mathew, Cadet Nitin Chaurasia, Cadet Anandit Raj and Cadet Abhinav Pandey from NCC Army Wing Coy, ECC also donated blood for this noble cause.

Refreshment was given to each donor as a token of gratitude.





# बाढ़ राहत कोष

# सितम्बर 26, 2019

## बाढ़ राहत कोष

यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2(34) तथा ८(40) के स्वयंसेवकों द्वारा बाढ़ राहत कोष का निर्माण किया गया। महाविद्यालय के सभी विभागों में जाकर छात्र छात्राओं से धन एकत्रित किया गया। राहत कोष में छात्रों व इकाई 2(34) व 8(40) के कार्यक्रम अधिकारियों के सहयोग से 5,210 रुपये की राशि एकत्रित हुई। इस राशि से सूखे अनाज ;दाल, चावल, आंटा के पैकेट बनाये गये। सभी पैकेट कागज और कपड़ों के थे। स्वयंसेवकों ने निश्चय किया कि वे पॉलिथीन का प्रयोग नही करेंगे।स्वयंसेवक अपने कार्यक्रमाधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव व डॉ प्रचेतस् के साथ 26 सितम्बर 2019 को कीटगंज की झुग्गी झोपड़ियों में गये। झुग्गियों के बच्चों के बीच अध्यापन कार्य कर रहे महाविद्यालय के पूर्व छात्र विवेक दूबे के साथ हम सब बच्चों से मिले। कार्यक्रमाधिकारियों तथा स्वयंसेवकों ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सभी बाढ पीडित बच्चों को सूखे अनाज के पैकेट वितरित किये गये।













# Lecture on Healthy Food Habits

## 26 September 2019

**26 सितंबर 2019**

पोषण माह के अंतर्गत यूनिट 5 और 6 के सयुंक्त तत्वाध्यान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ श्वेता जी ने स्वयंसेवकों को "हेल्दी फूड हैबिट्स" विषय पर एक रोचक पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मंजू तिवारी, प्रेम प्रकाश सिंह तथा डॉ अल्पना पॉल उपस्थित रही।

### विद्यार्थियों को दी भरपूर नींद लेने की सलाल



**प्रयागराज।** इविंग क्रिश्चियन कॉलेज (ईसीसी) राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से बृहस्पतिवार को 'युवाओं में पोषण की आवश्यकता एवं महत्व' विषय पर व्याख्यान का आयाजन किया गया। मेडिकल अफसर डॉ. श्वेता सिंह ने व्याख्यान के दौरान संतुलित आहार, नींद और नियमित दिनचर्चा पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही बताया कि पाचान क्रिया सुचारु होगी, तभी एकाग्रता भी बेनगी। इसके लिए भरपूर नींद भी लेनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिएद्घ। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह ने किया। इस मौके पर डॉ. शीतला प्रसाद, डॉ. मंजू तिवारी, डॉ. अल्पना पाल आदि मौजूद रहे।



ईसीसी में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से युवाओं में पोषण की आवश्यकता एवं महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

### पोषण के महत्व पर हुआ व्याख्यान

**प्रयागराज।** ईसीसी में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 5 एवं 6 की ओर से 'युवाओं में पोषण की आवश्यकता एवं महत्व' पर व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. मंजू तिवारी ने आयुर्वेदिक कॉलेज की मेडिकल ऑफिसर डॉ. श्वेता सिंह को पौधा देकर स्वागत किया। डॉ. श्वेता सिंह ने आहार, नींद और संयमित दिनचर्या पर विशेष बल दिया। जंक फूड से दूरी बनाने का सुझाव दिया। कहा कि एकाग्रता अच्छा होने के लिए पाचन क्रिया का सुचारु होना जरूरी है, उसके लिए आपको भरपूर नींद भी लेना चाहिए। संयमित दिनचर्या के लिए योग एवं व्यायाम करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. शीतला प्रसाद, डॉ. अल्पना पॉल उपस्थित थीं।

# सद्भावना यात्रा

# अक्टूबर 2, 2019

आज 2 अक्टूबर 2019 को गाँधी जी की 150 वीं जयन्ती पर यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2(34) तथा ८(40) के स्वयंसेवकों ने सद्भावना यात्रा निकाली। यात्रा सुबह 9.30 पर चंद्रशेखर आजाद पार्क में चन्द्रशेखर आज़ाद जी की मूर्ति के सामने से निकलकर आज़ाद पार्क के बाहर से होती हुई आज़ाद पार्क के अन्दर स्थापित इलाहाबाद संग्रहालय तक पहुँची। संग्रहालय में पहुँचकर यात्रियों ने गान्धी जी के चरखे के सामने पुष्पांजलि अर्पित किया। गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए संग्रहालय के निदेशक डॉ सुनील गुप्ता जी ने कहा कि गाँधी जी की 150 वीं जयन्ती पर गाँधी जी को याद करने का एक ही तरीका है और वह है उनके सिद्धान्तों पर चलना। इस यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई2(34) एवं 8(40) के स्वयंसेवकों के साथ महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर के शिक्षक वृन्दए गोल्डन जुबली जगत तारन के शिक्षक एवं छात्रए एंग्लो बंगाली इण्टर कॉलेज के विद्यार्थीए ए एन सेवा न्यास के साथी एवं स्वराज विद्यापीठ के सदस्य भी शामिल थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रचेतस ने गाँधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए स्वयंसेवकों से कर्तव्यपरायणता की बात कही।गांधी जी के चरखे व गांधी जी और शास्त्री जी के चित्र के सामने स्वराज के लिए एक शपथ ली गयी। कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने वहां उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलायी।

इसके पश्चात सर्वधर्म प्रार्थनाए वैष्णव जान तो तेने कहिए, तू ही राम है तू रहीम है एवं रामधुन के साथ मौन व्रत भी प्रार्थना में किया गया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता मेरठ विश्विद्यालय के प्रोफेसर के डी शर्मा ने आज़ादी





आंदोलन एवं गाँधी पर विस्तार से चर्चा की। प्रोफेसर कृष्णा गुप्ता ने कहा कि आज गांधी की ज़्यादा प्रासंगिकता है। प्रोफेसर रमा चरण त्रिपाठी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि गाँधी को समग्र रूप में ही समझा जा सकता है। गाँधी पहले अपने को ही मांजने की बात करते हैंए बिना उसके समाज परिवर्तन की बात हो ही नहीं सकती। गाँधी जी के सिद्धांतों को पहले स्वयं को अपनाने की जरूरत है।

इसके पश्चात प्रोफेसर रमा चरण त्रिपाठी जी के द्वारा संग्रहालय में नवनिर्मित गाँधी वीथिका का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के मनोबल को बढ़ाने के लिए प्रोफेसर प्रदीप कुमार, प्रोफेसर रामाज्ञा राय, डॉ कृष्ण स्वरूप आनन्दी एवं डॉ राम प्रकाश सिंह भी मौजूद थे।






# कपडे एवं जरुरत का सामान बाढ़ पीड़ितों में वितरण

## 03 October 2019

**<u>3 अक्टूबर 2019</u>**

स्वयंसेवकों ने एकत्रित कपडे एवं जरूरत के सामान को बाढ़ पीड़ितों के बीच वितरित किया। साथ ही एकत्रित धनराशि से भोजन बनवाकर उसके पैकेट बाढ़ पीड़ितों के बीच बाटे गए।







# साईकिल रैली

# जनवरी 18, 2020

**साइकिल दिवस, 18 जनवरी, 2020**





साइकिल दिवस के अवसर पर 18 जनवरी 2020 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं उसके संघटक महाविद्यालयों की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क से सीनेट हॉल, इलाहाबाद विश्वविद्यालय तक साइकिल यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान स्वयंसेवक रास्ते भर ' आओ ज़रा सेहत बनाएं, सब मिलकर साइकिल चलाएं' तथा 'फिट यूथ, फिट इंडिया' का संदेश लोगों को दे रहे थे। यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम समन्वयक डॉ मंजू सिंह के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों व कार्यक्रम अधिकारियों से कहा कि देश तभी स्वस्थ रह सकता है जब देश का युवा स्वस्थ रहेगा। अतः हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने को स्वस्थ रखें। स्वस्थ रहने के लिए साइकिल चलाना एक महत्वपूर्ण तरीका है। साइकिल चलाकर हम अपने साथ ही साथ पर्यावरण को भी स्वस्थ रखते हैं। यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भी स्वयंसेवकों के साथ साइकिल चलाकर उनका हौसला बढ़ा रहे थे। यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम समन्वयक डॉ मंजू सिंह के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवजी वर्मा, डॉ अंजना श्रीवास्तव, डॉ अरविंद कुमार, डॉ प्रचेतस एवं डॉ स्वप्निल श्रीवास्तव के साथ सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।





# नुक्कड़ नाटक

# जनवरी 20, 2020

## नुक्कड़ नाटक, 20 जनवरी, 2020

20 जनवरी, 2020 को इकाई 2 (34) एवं 8(40) के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में श्रीकांत वर्मा जी की कविताओं पर आधारित व अमितेश कुमार द्वारा निर्देशित मगध नात्मक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। यूनिवर्सिटी थियेटर द्वारा इस नाटक की प्रस्तुति की गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए एस मोज़ेज ने बाहर से आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन लगातार होना चाहिए। रसायनविद तथा भूतपूर्व उपप्राचार्य डॉ ललित इसुवियस पूरे नाटक के मंचन के दौरान उपस्थित रहे और आशीर्वचन देते हुए कहा की अपने महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटकों को बढ़ावा देने के लिए एक टीम






का गठन होना चाहिए। नुक्कड़ नाटकों का समाज पर सीधा असर पड़ता है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रचेतस ने किया।







# ‘एक भारत, श्रेष्ठ भारत’ विषय पर एक दिवसीय शिविर

## फरवरी 5, 2020

एक भारत, श्रेष्ठ भारत की थीम को लेकर द्वितीय सत्र अपने जिले एवं उसके द्वारा देश को जानने पर आधारित था। इस कड़ी में स्वयंसेवकों द्वारा इलाहाबाद संग्रहालय का भ्रमण किया गया। संग्रहालय दर्शन के दौरान डॉ सुशील शुक्ला ने इलाहाबाद संग्रहालय की ऐतिहासिकता एवं उसकी महत्ता को विस्तार से बताते हुए कहा कि किसी भी समाज व देश को नज़दीक से जानने के लिए संग्रहालय की विशिष्ट उपयोगिता है। इसके पश्चात डॉ कविता गुप्ता के द्वारा स्वयंसेवकों को सेंट्रल पब्लिक लाइब्रेरी, इलाहाबाद से जुड़े इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ जी. एम. शुक्ला ने पुस्तकालय में विद्यमान पुस्तकों एवं उनके रखरखाव के बारे में स्वयंसेवकों को बताते हुए पुस्तकालय की उपयोगिता को समझाया। तत्पश्चात डॉ कविता जी ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आज़ाद के शहीद स्थल पर उनके बलिदान की कहानी एवं आज़ादी की लड़ाई में शामिल देशभक्तों की कहानियों को स्वयंसेवकों से साझा किया। अन्त में राष्ट्रगान के साथ सभी स्वयंसेवक कल 6 फरवरी 2020 को सुबह मिलने के लिए विदा हुए।











# प्रकृति एवं पर्यावरण पर संगोष्ठी

## फरवरी 6, 2020



द्वितीय सत्र में प्रकृति एवं पर्यावरण को लेकर एक संगोष्ठी की गयी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र में पिछले 50 सालों से लोगों के बीच पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे एवं गाँव की नई आवाज़ के संपादक श्री विजय चितौरी जी ने प्रकृति संरक्षण के लिए विशुद्ध देसी तरीकों को बताते हुए पेड़ों व बीजों के संरक्षण एवं संवर्धन पर विशेष रूप से जोर दिया। इसी कड़ी में विशिष्ट वक्ता श्री सूबेदार सिंह जी ने इलाहाबाद की धरती पर जैविक खेती को लेकर किये जा रहे प्रयोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने सामुदायिक खेती, अनाज बैंक के विचार को स्वयंसेवकों के समक्ष रखा और जिन जगहों पर ये प्रयोग हो रहे हैं उनको देखने व क्रियान्वित रूप में समझने के लिए आमंत्रित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रचेतस एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जीजो सी जॉर्ज ने किया।










# सफाई अभियान एवं रंगमंच और समाज विषय पर संगोष्ठी

# एक दिवसीय शिविर

# फरवरी 7, 2020





द्वितीय सत्र में रंगमंच और समाज विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गयी। विषय प्रवेश कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया।मुख्य वक्ता के रूप में आलोचक एवं रंगकर्म के विशेषज्ञ डॉ अनुपम आनंद ने भारतीय समाज में प्रचलित नाटकों जिनमें रामलीला एवं रासलीला प्रमुख हैं उनके बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि रासलीला पूरी तरह से आध्यात्मिक है और यह भारतीय जीवन दर्शन का एक रूपक है। विशिष्ट वक्ता के तौर पर प्रयाग के वरिष्ठ रंगकर्मी श्री प्रवीण शेखर ने नाटक के इतिहास के बारे में बात करते हुए कहा कि नाटक का इतिहास उतना ही पुराना है जितना मनुष्य का जन्म। इसी परिचर्चा में आलोचक एवं रंगकर्मी डॉ अमितेश कुमार ने कहा कि रंगमंच लोगों को जोड़ने का काम करता है और समाज के लिए लोगों का आपस में जुड़ना आवश्यक है। अन्त में डॉ पीयूष खरे ने कहा कि समाज निर्माण में नाटकों की महती भूमिका है। स्वयंसेवकों के विशेष अनुरोध पर उन्होंने " ओ जाने वाले हो सके तो लौट के आना" सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। संचालन डॉ प्रचेतस एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ जीजो सी जॉर्ज ने किया।





## 1857 की क्रान्ति में इलाहाबाद की भूमिका ; रैली, भ्रमण एवं संवाद कार्यक्रम

## फरवरी 8, 2020



ऐतिहासिक नीम के पेड़ जिसपर 1857 की क्रांति में 800 से ज़्यादा देशभक्तों को फाँसी पर लटका दिया था शुरू की गयी। चौक, जॉनसेनगंज, इलाहाबाद रेलवे जंक्शन होते हुए रैली खुसरो बाग़ पहुँची। ख़ुसरो बाग़ में 1857 कई क्रान्ति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यक्रम अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रयाग की धरती गंगा जमुनी तहजीब का अप्रतिम उदाहरण है। इलाहाबाद ही वह जगह है जहाँ का एक बड़ा भाग 1857 में 7 जून से 17 जून तक आज़ाद था और विशेष बात है कि मौलावी लियाकत अली के नेतृत्व में इलाहाबाद की आम जनता ने अंग्रेजों के खिलाफ आज़ादी का बिगुल फूँका जिसमें इलाहाबादी पण्डों की विशेष भूमिका थी। सभी स्वयंसेवकों ने आपसी सदभाव के लिए प्रयाग की गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने का प्रण लिया। इसके पश्चात नेत्रदान, अंगदान एवं देहदान के महत्व को समझाते हुए डॉ पीयूष खरे ने कहा कि मानवता ही धर्म है और इसके अलावा कोई धर्म हो ही नहीं सकता। सभी धर्म आपसी सदभाव की बात करते हैं। कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए लोगों को बांटने का काम करते हैं। संचालन डॉ प्रचेतस एवं धन्यवाद डॉ जीजो सी जॉर्ज ने किया।











द्वितीय सत्र  वाद विवाद प्रतियोगिता का था जिसका विषय था "सरकारी तंत्र का निजीकरण देश के विकास के लिए जरूरी है।" स्वयंसेवकों ने इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पक्ष में ऋषभ मिश्रा, रत्नेश कुमार यादव एवं अनूप सिंह क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। विपक्ष में सिद्धार्थ शुक्ला, शान्तनु मिश्रा एवं अनिकेत





मौर्या क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। डॉ प्रचेतस, डॉ जीजो सी जॉर्ज एवं श्री संदीप तिवारी निर्णायक की भूमिका में रहे।

# झुग्गी-झोंपड़ी में स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता एवं सफाई अभियान

## फरवरी 9, 2020

दिनांक 9 फरवरी, 2020 को गौ घाट, कीड गंज, प्रयागराज स्थित झुग्गी-झोपड़ियों में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता एवं शिक्षा हेतु एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया.



# एक दिवसीय आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम

## फरवरी 10, 2020

एक दिवसीय आपदा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्वयंसेवकों को आग, भूकम्प चक्रवात आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय अपना बचाव करते हुये लोगों की जान कैसे बचाई जाये, इन सभी विषयों को पहले पावर प्वाइन्ट प्रस्तुति के माध्यम से समझाने के बाद फील्ड में प्रयोग के द्वारा प्रशिक्षित किया गया।विभिन्न प्रकार की गांठ बांधना, सीपीआर, आपात स्थितियों तथा मिरगी आदि बीमारियों के समय प्राथमिक उपचार आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।प्रशिक्षण के उपरान्त प्रशिक्षक श्री समीर ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुये कहा कि वे आपदा प्रबन्धन के लिये अपने अन्य मित्रों और परिवार के सदस्यों को जागरूक करें। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रचेतस् तथा डॉ.जीजो सी.जॉर्ज ने पौधा तथा पुस्तक देकर सभी प्रशिक्षकों का अभिनन्दन किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ स्वप्रिल श्रीवास्तव ने किया।इस कार्यक्रम में सुजॉय चटर्जी, सौरभ, स्वाती तथा इन्द्रभान सिंह उपस्थित रहे।शिविर का समापन राष्ट्रगान से हुआ।





## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं एक भारत, श्रेष्ठ भारत विषय पर एक दिवसीय शिविर

## फरवरी 11, 2020

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एक भारत श्रेष्ठ भारत, पर्यावरण संरक्षण, जंक फूड से नुक्सान आदि विषयों को केन्द्र में रखकर पोस्टर बनाये। इसके पश्चात डॉ. कृष्णस्वरुप आनन्दी जी का समाज परिवर्तन में युवाओं की भूमिका विषय पर व्याख्यान हुआ, वक्ता ने स्वयंसेवकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। द्वितीय सत्र में समापन समारोह का आयोजन स्वयंसेवकों ने किया। उन्होने देशभक्ति गीत लोकगीत , कविता तथा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की।स्वयंसेवकों ने सात दिनों के अपने शिविर के अनुभवों को बताया। समारोह में मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ.मन्जू सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि





विशेष शिविर के बाद स्वयंसेवकों के व्यक्तित्त्व में एक प्रकार का सकारात्मक परिवर्तन आता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने शिविर के समय के अपने पुराने अनुभव सबके साथ साझा किये। कार्यक्रमाधिकारी डॉ.स्वप्निल श्रीवास्तव तथा जीजो सी. जॉर्ज ने सभी अतिथियों का पौधा तथा पुस्तक देकर स्वागत किया।धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रचेतस् ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक पाण्डेय, श्री मनोज त्यागी जी उपस्थित रहे। शिविर का समापन राष्ट्रगान से हुआ।








# CCA and NRC   Paricharcha

# 13 Feb 2020





**13 फरवरी 2020**

राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट 5 द्वारा "नागरिकता संसोधन कानून एवं राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर" विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र विभाग के डॉ विवेक निगम ने इस विषय पर विस्तार से चर्चा किया एवं स्वयंसेवको के प्रश्नों का जवाब दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बायो फिजिक्स सेन्टर के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार सिंह एवं संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह ने किया।



**ईसीसीः सीएए, एनआरसी पर हुई परिचिर्चा**

**प्रयागराज।** ईसीसी में आयोजित एनएसएस के शिविर में शुक्रवार को सीएए एवं एनआरसी पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. विवेक निगम ने सबसे पहले भारत के पुरातन इतिहास के बारे में चर्चा की और इस आधार पर उन्होंने समझाया कि केवल तीन देश पाकिस्तान, बांग्लादेश एवं अफगानिस्तार के ही अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार सिंह, संचालन डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह ने यिका।

# Khaddyan evam Bhojan Vitran Karyakram

# 28 Mar -30 May 2020

## <u>28 मार्च 2020 से 30 मई 2020</u>

लॉक डाउन लगने के कारण बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों के सामने भोजन की उपलब्धता की समस्या खड़ी हो गयी। इस विपदा की घड़ी में समाज के निराश्रित लोगो एवं प्रवासी मजदूरों की सहायता के लिए कार्यक्रम अधिकारी प्रेम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवको ने लगातार दो महीने तक राशन एवं पका हुआ भोजन वितरित किया। इस राहत कार्य के लिए इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं उसके संघटक कॉलेजो के अध्यापकों तथा समाज के अन्य लोगो ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।



### शिक्षकों ने पीएम फंड में भेजा एक दिन का वेतन

**प्रयागराज।** इविवि सें संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों ने कोरोना से निपटने के लिए प्रधानमंत्री केयर्स फंड में अपना एक दिन का वेतन भेजा है। ऑक्टा महासचिव उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि इविवि से संबद्ध 11 संघटक कॉलेजों के सभी शिक्षकों ने एक दिन का वेतन देने का निर्णय लिया है। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि ऑक्टा ने प्रभावितों को भोजन कराने के लिए 80 हजार रुपये एकत्र किए हैं। ऑक्टा की ओर से यह जिम्मेदारी है भौतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह निभा रहे हैं।



### खाद्यान्न एवं भोजन बांटा

**प्रयागराज।** ऑक्टा की ओर से सामाजिक जिम्मेदारियों के क्रम में शहर के जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न एवं भोजन का वितरण किया जा रहा है। ऑक्टा की ओर से डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में बुधवार को 20 पैकेट राशन कीडगंज और छोटा बघाड़ा क्षेत्र में मजदूरों को बांटा गया। शाम को कारपेंट्री चौराहे पर पैकेट का वितरण हुआ। महासचिव डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी संघटक कॉलेजों के शिक्षकों की ओर से एक दिन का वेतन पीएम राहत कोष में दिया गया है।

# Quiz Competition on Corona Virus Pandemic

# 14.05.2020

7. QUIZ COMPETITION ON CORONA VIRUS PANDEMIC

DATE: 14/5/2020 - 16/5/2020


Organized by 16 UP BN NCC & EWING CHRISTIAN COLLEGE, GAUGHAT

Under the leadership of Prof **A.S. MOSES, principal,**

**CO JS PRASAD of 16 UP BN NCC**

**LT. Dr. AMITABH**

**SHAD.**



# National Environment Awareness Programme

# 05.06.2020

9. NATIONAL ENVIRONMENT AWARENESS PROGRAMME

DATE : 05/06/2020 - 07/06/2020

Organized by 16 UP BN NCC (ECC) and DEEMAPUR GOVT. COLLEGE 24 NAVAL (1) COY NCC KOHIMA NAGALAND.

Under the leadership of COL. DANIEL LOTZEN AND COL. J.S. PRASAD

LT. E.LITCHUMTHANG KICON

LT. DR. AMITABH SHAD



# Rise up for the Blue-a Nation Ocean Awareness Programme

# 08-09.06.2020

10. RISE UP FOR THE BLUE – A NATION OCEAN AWARENESS PROGRAMME

DATE : 8/06/2020- 09/06/2020


Organized by 16 UP BN NCC (ECC) AND KERALA UNIVERSITY OF FISHERIES AND OCEAN STUDIES.


Under the leadership of DR. LILY S MATHAN

LT. CIRANJEEV PRADHAN

LT. DR. AMITABH SHAD

NCC Cadets have organized various events such as tree plantation, cleaning of statues, campaign related to drug abuse, education for all & other social events.







# International Yoga Day Seminar Cum Quiz Competition

# 21-22.06.2020

8. INTERNATIONAL YOGA DAY SEMINAR CUM QUIZ COMPETITION

DATE: 21 /06/2020 - 22/06/2020

Organized by 16 UP BN NCC (ECC) & SWAMIVIVEKANAD PG COLLEGE LOHAGHAT 80 UK BN NCC PITHORAGARH UTTRAKHAND.

Under the leadership of CO JS PRASAD,

LT. COL BMS PARMAR

LT. DR. KAMLESH SHAKTA

LT. DR. AMITABH SHAD.



# सत्र 2018 – 2019

## Essay Competition organised by 16 UP BN NCC Battalion.

## 21 August 2018

2. ESSAY COMPETITION

On 21 August, 2018 a Hindi essay competition was organized by 16 UP Battalion. The cadets were asked to write on the topic "Uttam Pradesh ki Aur Agrasar".

Cadet Abhishek Kumar Maurya and Cadet Shivam Patel participated in this competition. The essay was judged on the basis of the student's vocabulary, presentation and creativity. The purpose of the competition was to encourage the students to enhance their thinking and writing skills.

The essays were well written by the cadets.

## A Plantation Programme At Sangam

## 27 September 2018

6. PLANTATION PROGRAMME AT SANGAM

On 27th September, 2018 a plantation activity was organized by 16 UP Battalion at Sangam.
NCC Army Wing Coy, ECC also participated in this activity.
8 saplings were planted by 8 cadets of the unit, they are SUO Deepika Verma, UO Kamteshwar Singh, Cadet Akshat Shukla, Cadet Rahul Sharma, Cadet Nitin Chaurasia, Cadet Meera Mishra, Cadet Jyotsana Yadav and Cadet Larissa Judith Pereira.
The people around the ghat were inspired by the cadets and praised them and also offered to help them in this activity. They also spread the message on the importance of the trees for the environment and were able to motivate a lot of people.

## Swabhiman: Beti Bachao-Beti Pathao

## 29 January 2019

"The most important thing a girl wears is her self-confidence and self-respect".
For achieving this, a girl child has to be educated. An educated woman is a boon to the family, society and finally the country. It is the duty of all to save the girl child, and empower her with gifts of respect education and confidence.
A program was conducted during Kumbh Mela on 29 January, 2019, in Parmat Kendra, Arail Ghat for all the NCC cadets. Cadets of NCC Army Wing Coy, ECC also participated in this programme. The programme focused on Swabhimaan of the girl child. Swami Chitanand founder of Parmat Kendra delivered an excellent speech on saving the girl child as she is an embodiment of love and maternal affection. Baba Ramdev also stressed on women empowerment. Various cultural activities kept the cadets spell bound.

## भूमंडलीकरण के दौर में स्वराज” विषय पर व्याख्यान

## मार्च 26, 2019

यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 8 के विशेष सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन (26/03/2019) का प्रारम्भ स्वराज विद्यापीठ में प्रात:काल ८:३०बजे योगाभ्यास से हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में प्रसिद्ध गांधीवाद चिन्तक डॉ. कृष्णस्वरुप आनन्दी जी का "भूमण्डलीकरण के दौर में स्वराज" विषय पर रोचक तथा ज्ञानवर्धक व्याख्यान हुआ।वक्ता ने व्याख्यान के बाद स्वयंसेवकों से संवाद भी किया।अतिथि का स्वागत तथा विषय प्रवर्तन कार्यक्रमाधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रचेतस तथा धन्यवाद ज्ञापन जीजो सी जॉर्ज ने किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में धर्म चलचित्र स्वयंसेवकों को दिखाया गया। चलचित्र को देखने के बाद "मानवता ही धर्म" विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। बहुत से स्वयंसेवकों






ने अपने विचार व्यक्त किये। सायंकाल ५बजे डॉ. प्रेम प्रकाश सिंह ने स्वयंसेवकों से सर्वधर्म प्रार्थना करवाई। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।









# रक्तदान शिविर एवं सफाई अभियान

## मार्च 27, 2019



यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 8 के विशेष सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन (27/03/2019) का प्रारम्भ ईसीसी में प्रात:काल ८:३०बजे योगाभ्यास से हुआ। रा.से.यो. के तत्वावधान में हेल्पर्स संगठन के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के टूकर हॉल मे किया गया।कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रेमप्रकाश सिंह सहित ५३ स्वयंसेवकों ने रक्तदान करके छात्र छात्राओं को रक्तदान के लिये प्रेरित किया।कार्यक्रमाधिकारी डॉ.जीजो सी जॉर्ज, डॉ. प्रचेतस शास्त्री तथा स्वप्निल श्रीवास्तव ने महाविद्यालय के छात्रों को रक्तदान के महत्त्व को समझाया। शिविर के अन्त में ऑक्टा महासचिव डॉ. उमेश प्रताप सिंह ने हेल्पर्स संगठन और राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति धन्यवाद ज्ञापन किया। शिविर में अजीत सिंह,अनूप तिवारी ,कुलदीप सिंह आदि उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान के तहत गणित विभाग में साफ सफाई की तथा छात्रों को स्वच्छता का सन्देश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।











# नुक्कड़ नाटक एवं सद्भावना रैली

## मार्च 28, 2019

(28/03/2019) का प्रारम्भ स्वराज विद्यापीठ में प्रातःकाल ८:३०बजे योगाभ्यास से हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों को विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक को तैयार कराने के लिये कार्यशाला का आयोजन किया गया। रंगकर्मी श्री नीरज उपाध्याय के कुशल निर्देशन में स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक की बारीकियों को सीखा।कार्यक्रमाधिकारी स्वप्रिल श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन तथा डॉ. प्रचेतस शास्त्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने सदभावना रैली निकालने के लिये विभिन्न पोस्टरों का निर्माण किया। तत्पश्चात स्वराज विद्यापीठ से चन्द्रशेखर आजाद पार्क तक सदभावना रैली निकाली गयी। आजाद पार्क में स्वयंसेवकों ने सदभावना एवं देशभक्ति के गीतों की मोहक प्रस्तुति की। रैली में पिछले बीस वर्षों से वृद्धाश्रम संचालित कर रहे श्री आलोक निगम जी ने आपस में मैत्री एवं भाईचारा बनाये रखने तथा वृद्धों के प्रति सम्मान एवं प्रेम करने का संदेश दिया। रैली में कार्यक्रमाधिकारी डॉ.प्रचेतस शास्त्री, डॉ.प्रेमप्रकाश



सिंह, डॉ. जीजो जी जॉर्ज तथा स्वप्रिल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को सर्वधर्मसमभाव के महत्त्व को समझाया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।







यूइंग क्रिश्चियन महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई 8 के विशेष सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन (29/03/2019) का प्रारम्भ स्वराज विद्यापीठ में प्रातःकाल ८:३०बजे योगाभ्यास से हुआ। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवको ने आशुभाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रचेतस शास्त्री ने किया और निर्णायक मंडल में डॉ दुर्गेश जी उपस्थित रहे। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य मनोवैज्ञानिक प्रो. योगानंद सिन्हा(रघू सिन्हा) ने व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं सत्ता विषय पर स्वयंसेवकों के साथ संवाद किया। अतिथि का स्वागत तथा विषय प्रवर्तन कार्यक्रमाधिकारी स्वप्रिल श्रीवास्तव ने किया।

# आशु भाषण प्रतियोगिता एवं 'व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और सत्ता विषय' पर संवाद

## मार्च 29, 2019

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में स्वयंसेवको ने आशुभाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रचेतस शास्त्री ने किया और निर्णायक मंडल में डॉ दुर्गेश जी उपस्थित रहे। इसके बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व आचार्य मनोवैज्ञानिक प्रो. योगानंद सिन्हा(रघू सिन्हा) ने व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं सत्ता विषय पर स्वयंसेवकों के साथ संवाद किया। अतिथि का स्वागत तथा विषय प्रवर्तन कार्यक्रमाधिकारी स्वप्रिल श्रीवास्तव ने किया।










कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से कीडगंज तक रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात ऑक्टा महासचिव डॉ उमेश प्रताप सिंह का "युवा स्वयंसेवको की सामाजिक भागेदारी" विषय पर संबोधन हुआ। डॉ उमेश प्रताप सिंह ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के मूल मंत्र "नॉट मी बट यू" को समझाते हुए सफलता को परिभाषित किया। अगर व्यक्तिगत सफलता समाज के हित के लिए है, तो वही सही मायनों में सफलता है।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम प्रकाश सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन स्वप्रिल श्रीवास्तव ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# कीडगंज और उसके समीप की मलिन बस्तियों का सर्वेक्षण एवं जागरूकता अभियान

## मार्च 30, 2019


(30/03/2019) का प्रारम्भ महाविद्यालय में प्रात:काल 9 बजे योगाभ्यास से हुआ। स्वयंसेवकों ने अपने कार्यक्रमाधिकारियों के साथ अलग अलग समूहों में कीटगंज और उसके समीप की मलिन बस्तियों की स्थिति का सर्वेक्षण किया। सरकारी योजनाओं का कितना लाभ गरीब परिवारों को मिला है उनकी आर्थिक स्थिति क्या है इस प्रकार के अनेक प्रश्न स्वयंसेवकों द्वारा पूछे गये। सायंकाल 3:30बजे सभी स्वयंसेवक नवनिर्मित यमुना

Page 8 of 14

वार्षिक रिपोर्ट (2018-19) इकाई सं- 08 (037)

घाट पर एकत्रित हुये। कार्यक्रमाधिकारी डॉ. जीजो सी जॉर्ज, डॉ. प्रचेतस शास्त्री डॉ.प्रेम प्रकाश सिंह तथा स्वप्रिल श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों को मलिन बस्ती के बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में प्रेरित किया।महाविद्यालय के पूर्व छात्र जो मलिन बस्ती में शिक्षा प्रसार में लगे हुये हैं श्री विवेक ने स्वयंसेवकों से अपने अनुभव साझा किये। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# आँख से संबंधित रोगों एवं उनसे बचाव का एक दिवसीय शिविर

## मार्च 31, 2019

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में समापन समारोह का आयोजन हुआ। प्रसिद्ध नेत्र सर्जन डॉ.मुकेश खरे जी ने स्वयंसेवकों को आंख से सम्बन्धित रोगों और उनसे बचाव की बात की। स्वयंसेवकों से लोगों को नेत्रदान के लिये प्रेरित करने के लिये कहा।डॉ.पीयूष खरे जी ने देशभक्ति के गीत सुनाये तथा समाज को देहदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। डॉ.रामप्रकाश सिंह जी ने स्वयंसेवकों से अपने अनुभव साझा किये तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रति सरकार की उदासीनता के प्रति सबका ध्यान आकृष्ट किया। अतिथियों का स्वागत डॉ.जीजो सी जॉर्ज तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ.प्रचेतस शास्त्री ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.स्वप्रिल श्रीवास्तव ने किया।







